रजिस्ट्री सं. डी.एल. 33002/99 भारत सरकार REGISTERED No. D.L.-33002/99
GOVERNMENT OF INDIA

दिल्ली राजपत्र
Delhi Gazette

असाधारण
EXTRAORDINARY
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 04] दिल्ली, बृहस्पतिवार, जनवरी 7, 2016/पौष 17, 1937 [रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 183
No. 04] DELHI, THURSDAY, JANUARY 7, 2016/PAUSA 17, 1937 [N.C.T.D. No. 183

भाग—IV
PART—IV

राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार
GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

शहरी विकास विभाग

अधिसूचना

दिल्ली, 7 जनवरी, 2016

फा. सं. 13 (61)/श0वि0/एमबी/सीसी/2014/6987.—स्ट्रीट वैंडर्स (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम, 2014 (2014 के केन्द्रीय अधिनियम 7) की उप–धारा (1) की धारा 2 के खंड 2 के उपखंड (ii) के साथ पठित धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **फा. सं.** 13 (61)/श0वि0/एमबी/सीसी/2014/7121 दिनांक - 26 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित के अधिक्रमण में उन बातों से किया है या ऐसे अधिक्रमण से पहले किया जाना लोप के रूप में छोड़कर बनाती है राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :–

अध्याय–1

प्रारंभिक :

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ**– (1) इन नियमों को दिल्ली पटरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण और पटरी विक्रय विनियमन) नियमावली, 2014 कहा जाएगा।

(2) ये दिल्ली गजट में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. **परिभाषा** –(1) इन नियमों में जब तक संदर्भ से भिन्न अपेक्षित न हो तब तक–

(क) "अधिनियम" का अभिप्राय पटरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण और पटरी विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 (2014 का केन्द्रीय अधिनियम 7) है;

(ख) "उप–विधि" का अभिप्राय अनुच्छेद 37 के अंतर्गत बनाए गए उप–नियमों से है;

(ग) "फार्म" का अभिप्राय इन नियमों के साथ संलग्न फार्मों से है;

(घ) "सरकार" का अभिप्राय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार से है;

(ङ) "परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी" का अभिप्राय ऐसी कमेटी से है जिसका गठन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा अनुच्छेद 20 के उप–अनुच्छेद (1) के अंतर्गत परिवाद निस्तारण या विवाद समाधान के लिए गठित कमेटी से है;

(च) "स्थानीय प्राधिकरण" का तात्पर्य अधिनियम के अनुच्छेद 2(1)(ग) के अंतर्गत परिभाषित स्थानीय प्राधिकरण से है और इसमें पूर्वी दिल्ली नगर निगम, उत्तरी दिल्ली नगर निगम, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली छावनी बोर्ड शामिल है;

(छ) "म्यूनिसिपल कमिश्नर" का अभिप्राय दिल्ली में नगर निगम के आयुक्त से है और इसके अंतर्गत नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष, दिल्ली नगर निगम के उपाध्यक्ष और दिल्ली छावनी बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शामिल हैं;

(ज) "नियम" का अभिप्राय अधिनियम के अनुच्छेद 36 के अंतर्गत बनाए गये नियमों से है;

(झ) "अनुसूची" का अभिप्राय संदर्भ के अनुसार नियमों या अधिनियम के साथ संलग्न अनुसूची से है;

(ञ) "स्कीम" का अभिप्राय यथोचित सरकार द्वारा अनुच्छेद 38 के अंतर्गत बनाई गई स्कीम से है;

(ट) "अनुच्छेद" का अभिप्राय अधिनियम के अनुच्छेद से है;

(2) अधिनियम में परिभाषित तथा नियमों में इस्तेमाल किये गये शब्दों और वाक्यांशों के वही अर्थ होंगे जो उन्हें संदर्भानुसार दिये गये हैं।

अध्याय – 2

स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन

3. **वेंडिंग प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उम्र का निर्धारण.**— इसके लिए अर्हता प्राप्ति की उम्र स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन) अधिनियम, 2014 के अनुच्छेद 4(1) के अनुसार होगी.

अध्याय – 3

विवाद समाधान प्रणाली

4. **परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटियां.**—

(1) अधिनियम के अनुच्छेद 20 उप-अनुच्छेद (1) के अंतर्गत सरकार द्वारा गठित परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी की व्यवस्था की जाएगी जिसमें अध्यक्ष के अलावा दो और पेशेवर सदस्य भी होंगे तथा अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति होगा जो सिविल जज या जयूडिशियल मजिस्ट्रेट रह चुका हो।

(2) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी के अध्यक्ष तथा सदस्यों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाएगी।

5. **परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी में सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए योग्यताएं और अनुभव.**— परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी में पेशेवर सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए वही व्यक्ति अर्ह होगा जो–

(1) 35 साल से अधिक उम्र का हो मगर उसकी उम्र 65 साल से ज्यादा न हो, और

(2) उसके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, और

(3) उसे सुयोग्य निष्ठावान और प्रतिष्ठित व्यक्ति होने के साथ-साथ सामाजिक कार्य या स्ट्रीट वेंडरों की समस्याओं या सार्वजनिक कार्य या नगर निगम अथवा लोक प्रशासन से संबंधित कम से कम 10 साल का अनुभव हो,या

उसे केन्द्र या राज्य सरकार या किसी केन्द्र शासित प्रदेश सरकार अथवा स्थानीय निकाय में ग्रुप 'क' पद से सेवानिवृत्त अधिकारी होना चाहिए।

6. **परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी अध्यक्ष तथा सदस्यों के वेतन तथा भत्ते.**— (1) परिवाद निस्तारण कमेटी के सदस्य को पूर्णकालिक आधार पर नियुक्ति होनेपर सिविल जज (सीनियर डिविजन) के बराबर वेतन भत्ते और अन्य लाभ मिलेंगे और अंशकालिक आधार पर नियुक्त किये होने पर सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदेय/राशि दी जाएगी।

शर्त यह भी है कि अगर किसी रिटायर्ड जज या ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को पूर्णकालिक आधार पर अध्यक्ष बनाया जाता है तो उसे अंतिम आहरित वेतन और भत्तों के बराबर पारिश्रमिक में से पेंशन की राशि घटाकर बनने वाली राशि दी जाएगी।

(2) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी में पूर्णकालिक या अंशकालिक आधार पर नियुक्त सदस्यों को सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित मासिक राशि/मानदेय मिलेगा। इसके अलावा पूर्णकालिक आधार पर नियुक्त सदस्य सरकार द्वारा निर्धारित परिवहन भत्ते का भी हकदार होगा।

शर्त यह भी है कि किसी सेवानिवृत्त सरकारी/नगरपालिका अधिकारी के पूर्णकालिक आधार पर सदस्य नियुक्त होने पर उसके पास अंतिम आहरित वेतन और भत्तों में से पेंशन को घटाकर निकलने वाली राशि प्राप्त करने का विकल्प होगा।

(3) सरकार परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी के अध्यक्ष और किसी सदस्य को उस स्थिति में हटा सकती है अगर वह :–

(क) दिवालिया घोषित कर दिया गया हो, या

(ख) किसी ऐसे अपराध का दोषी ठहराया गया हो जिसमें सरकार की नज़र में नैतिक अधमता शामिल हो, या

(ग) शारीरिक या मानसिक रूप से अध्यक्ष या सदस्य के रूप में कार्य करने में अक्षम हो गया हो, या

(घ) उसने ऐसे वित्तीय या अन्य हित हासिल कर लिये हों जिनसे अध्यक्ष या सदस्य के रूप में उसके कार्य करने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो, या

(ड.) उसने अपने पद का दुरपयोग इस तरह से किया हो जिससे उस पद पर कार्य करना जनहित के प्रतिकूल बन गया हो :

इसके साथ ही शर्त यह भी है कि सरकार उप–नियम 3 की धारा (घ) और (ड.) में बताये गये कारणों से अध्यक्ष या सदस्य को पूर्वनिर्धारित तरीके से करायी गयी जांच के बिना उसके पद से नहीं हटाएगी।

(4) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तों में उनके कार्यकाल की अवधि में ऐसा कोई बदलाव नहीं किया जाएगा जिससे उन्हें किसी तरह से नुकसान हो।

(5) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी के अध्यक्ष का कार्यकाल पांच साल का होगा जिसमें 65 साल की अधिकतम उम्र की सीमा भी होगी।

(7) **परिवादों के निस्तारण या विवादों के समाधान के लिए आवेदन पत्र और आवेदन करने का तरीका.**–इस अधिनियम की धारा 20 की उप–धारा (2) के तहत परिवाद के निस्तारण या विवाद के समाधान के लिए प्रत्येक लिखित आवेदन हस्ताक्षरित पत्र के रूप में होगा जिसे आवेदक को व्यक्तिगत रूप से या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी के अधीक्षक या कमेटी द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को देना होगा। आवेदन में अन्य बातों के अलावा आवेदक का नाम और पता, पटरी विक्रय का प्रकार और स्थान, विक्रय प्रमाण पत्र जारी करने की तारीख और परिवाद निस्तारण या विवाद समाधान के आधारों आदि का भी जिक्र करना होगा।

8. **आवेदन के सत्यापन और जांच का तरीका.–**

(1) परिवाद निस्तारण का आवेदन के प्राप्त होने पर परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी का अधीक्षक या उसकी ओर से प्राधिकृत व्यक्ति प्रत्येक आवेदन को विशेष रूप से बनाए गये डिजीटल रजिस्टर में दर्ज करेगा और क्रम संख्या देगा.

(2) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी को डिजीटल रजिस्टर को देखने का अधिकार/एक्सेस विशेष अधिकार द्वारा होगा।

(3) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी आवेदन की सुनवाई के लिए एक तारीख निर्धारित करेगी और संबंधित पक्षों को सुनवाई के लिए नोटिस जारी करेगी या जारी करवाएगी।

(4) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी उप–नियम (3) के तहत नोटिस जारी करते समय प्रतिवादी को लिखित बयान प्रस्तुत करने का निर्देश देगी और नोटिस में इस तथ्य का उल्लेख होगा।

(5) पक्षकारों के उपस्थित होने के लिए निर्धारित तारीख को परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी आवेदकों को निर्देश दे सकती है कि अगर कोई त्रुटियां हों तो उन्हें दूर करें या कमेटी पक्षकारों से संबंधित रिकार्ड अथवा अन्य दस्तावेज या साक्ष्य एक ऐसी निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रस्तुत करने को कह सकती है जिसे वह इसके लिए उचित और उपयुक्त समझती है।

(6) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी विवाद के सिलसिले में आवेदक/(कों) और प्रतिवादियों के तर्कों तथा उसके समक्ष प्रस्तुत रिकार्ड के संदर्भ में मौके पर जांच के आदेश भी दे सकती है।

(7) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी पक्षकारों को सुनने और मामले के रिकार्ड की जांच के बाद आवेदन का फैसला करेगी और आवेदन प्रस्तुत करने के 90 दिनों के भीतर ऐसा आदेश पारित करेगी जो वह उपयुक्त और उचित समझती है।

(8) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी पक्षकारों के बीच समझौते की संभावनाओं का भी पता लगाएगी और अगर पक्षकारों के बीच कोई समझौता हो जाता है तो कमेटी समझौते को दर्ज कर लेगी तथा पक्षकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों/अधिकारियों के दस्तखत हो जाने के बाद समझौते को ध्यान में रखते हुए आवेदन का निपटारा कर देगी।

(9) परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी निम्नलिखित मामलों में कोई आवेदन स्वीकार नहीं करेगी :

(क) आवेदन के गुमनाम होने या इसमें महत्वहीन और अस्पष्ट आरोप होने पर ;

(ख) मामले के किसी न्यायालय, न्यायाधिकरण अथवा न्यायिक व अर्ध–न्यायिक प्राधिकरण में विचाराधीन होने पर ;

(ग) मामले के अधिनियम के अधिकार क्षेत्र से बाहर होने पर।

(घ) आवेदक के पास मामले में हस्तक्षेप का कोई अधिकार न होने पर.

अध्याय–4

अपील

9. परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी के आदेश या निर्णय के खिलाफ अपील–

(1) पीड़ित पक्ष परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी के आदेश या निर्णय के खिलाफ हस्ताक्षरयुक्त लिखित आवेदन के माध्यम से अपीलीय प्राधिकरण में आदेश या निर्णय के प्राप्त होने की तारीख के तीस दिन के भीतर अपील कर सकता है. आवेदन व्यक्तिगत रूप से या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से किया जा सकता है जिसमें अन्य बातों के अलावा नाम और पता, वेंडिंग के प्रकार और स्थान, वेंडिंग प्रमाण पत्र जारी किये जाने की तारीख आदि ब्यौरे का उल्लेख होना चाहिए।

इसके साथ ही शर्त यह भी है कि अपीलीय प्राधिकारण अगर इस बात से संतुष्ट हो कि निर्धारित समय के भीतर अपील दायर करने में देरी के पर्याप्त कारण हैं तो वह देरी को माफ कर सकता है।

(2) ऐसी कोई भी अपील तब तक स्वीकार नहीं की जाएगी, जबतक कि उसकी प्रतिलिपि पक्षकारों को दे दी गयी हो और देने का प्रमाण उपलब्ध हो, अपील के ज्ञापन के साथ उस आदेश की प्रतिलिपि मूल रूप में या उसकी प्रमाणित प्रति, अगर उपलब्ध हो तो संलग्न की जानी चाहिए जिसके खिलाफ अपील की जा रही है।

(3) ऐसे किसी भी मामले में कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी जिसमें परिवाद निस्तारण और विवाद समाधान कमेटी ने दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते को लेकर आदेश पारित किया हो।

10. नगर विक्रय कमेटी के निर्णय के खिलाफ अपील.–

(1) विक्रय प्रमाण पत्र जारी करने या इसके निरस्तीकरण अथवा निलंबन के नगर विक्रय समिति के किसी निर्णय के खिलाफ अनुच्छेद 11 के अंतर्गत अपीलीय प्राधिकरण में हस्ताक्षरों से युक्त लिखित आवेदन देकर अपील की जा सकेगी। अपील प्राधिकरण का गठन संबंधित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा और इसमें दाखिल की गयी अपील में आवेदक का नाम और पता, विक्रय का प्रकार, विक्रय प्रमाण पत्र जारी करने की तारीख और स्थान आदि का उल्लेख रहेगा, इसे जिस आदेश के खिलाफ अपील की गयी है उसकी सूचना दिये जाने के 30 दिन के भीतर करना होगा और इसे व्यक्तिगत रूप से या प्राधिकृत प्रतिनिधि के जरिए जमा कराना होगा, अपील के साथ उस आदेश की मूल प्रति या सत्यापित प्रतिलिपि भी संलग्न करनी होगी जिसके खिलाफ अपील की जा रही है:

इसके साथ ही शर्त यह भी है कि अगर अपीलीय प्राधिकरण इस बात से संतुष्ट हो कि आवेदक द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपील दायर न कर पाने के पर्याप्त कारण रहे हैं तो वह इसमें हुए विलंब को माफ भी कर सकता है।

(2) किसी भी अपील को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जबतक कि इसकी एक प्रति उस नगर विक्रय कमेटी को उपलब्ध नहीं कर दी जाती जिसने अपील के लिए उठाया जाने वाला आदेश पारित किया था और प्रतिलिपि उपलब्ध कराए जाने का सबूत अपील के साथ संलग्न करना होगा।

11. स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अपीलों के निस्तारण की प्रक्रिया.–

(1) संबंधित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत अधिकारी या व्यक्ति प्राधिकरण द्वारा रखे जाने वाले रजिस्टर में अपील की प्रविष्टि दायर किये जाने की तारीख के साथ करेगा।

(2) अपील को स्थानीय प्राधिकरण द्वारा गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष रखा जाएगा जो अपील की सुनवाई की तारीख निश्चित कर पक्षकारों को इसके लिए भेजा जाने वाले नोटिस तैयार करेगा।

(3) अपीलीय प्राधिकरण पक्षकारों के प्रतिवेदनों और मामले के रिकार्ड तथा प्राधिकरण द्वारा मौके पर करवाई गयी जांच (अगर करायी गयी हो तो उसके) आधार पर स्थानीय प्राधिकरण के पास अपील प्राप्त होने के एक सौ अस्सी दिन के भीतर उस आदेश के खिलाफ जिस पर अपील हुई है, एक ऐसा आदेश पारित करेगा जो वह उपयुक्त समझता है जिससे आदेश की पुष्टि या संशोधन अथवा उसे निरस्त किया जा सकेगा।

अध्याय–5

नगर पटरी विक्रय कमेटी

12. नगर विक्रय कमेटी का गठन.–

(1) प्रत्येक चार (4) वार्डों के समूह की एक नगर पटरी विक्रय कमेटी होगी जिसका गठन तीन नगर निगमों के लिए सरकार द्वारा तथा एनडीएमसी और दिल्ली छावनी बोर्ड के लिए प्रत्येक प्राधिकरण की एक–एक कमेटी होगी.

(2) संबंधित स्थानीय प्राधिकरण का आयुक्त/अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रत्येक नगर पटरी विक्रय कमेटी का अध्यक्ष होगा और इसमें विभिन्न विभागों/संगठनों/संघों का प्रतिनिधित्व इस प्रकार होगा:-

क्रम सं.	विभाग/निकाय	प्रतिनिधियों की संख्या
1.	अध्यक्ष स्थानीय प्राधिकरण का आयुक्त/अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक अधिकारी टीवीसी के अध्यक्ष होंगे।	1
2.	स्थानीय निकाय का स्वास्थ्य अधिकारी	1
3.	पीडब्ल्यूडी / कार्य	1
4.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा नामित	6
5.	राजस्व विभाग	1
6.	पुलिस	1
7.	यातायात पुलिस	1
8.	पटरी विक्रेता (निर्वाचित)	12
9.	बाजार व्यापारी संघ	1
10.	गैर–सरकारी संगठन	3
11.	आरडब्लूए	1
	कुल	**30**

(3) नगर पटरी विक्रेता कमेटी के निर्वाचित सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्य सरकार द्वारा मनोनीत किये जाएंगे. संबंधित प्राधिकरण का अध्यक्ष नगर पटरी विक्रेता कमेटी की गतिविधियों के संचालन के लिए डीएमसी अधिनियम, 1957 के अनुच्छेद 490 और 491 के प्रावधानों के अनुसार किसी भी व्यक्ति को जो उपायुक्त के पद से कम न हो प्राधिकृत कर सकता है और अपनी शक्तियों को विकेन्द्रित कर सकता है.

13. नगर पटरी विक्रेता कमेटी के निर्वाचित सदस्यों का चुनाव.–

(1) सरकार प्रारंभ में नगर पटरी विक्रेता कमेटी का गठन मनोनयन से करेगी और बाद में सर्वेक्षण तथा नगर पटरी विक्रय प्रमाण पत्र जारी हो जाने के पश्चात् कमेटी के चुनने के लिए चुनाव कराया जाएगा। तब तक के लिए मनोनीत नगर पटरी विक्रय कमेटी ही सर्वेक्षण तथा पटरी विक्रय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए नगर पटरी विक्रय कमेटी का कार्य करेगी. इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि एक बार सर्वेक्षण पूरा हो जाने के बाद छह महीने के भीतर चुनाव सुनिश्चित हो जाएं और सदस्यों के 12 रिक्त पद चुने हुए उम्मीदवारों से भरे जाएं।

(2) सरकार किसी स्थानीय प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में आने वाली नगर पटरी विक्रय कमेटी में पटरी विक्रेताओं के प्रतिनिधित्व के लिए स्थानीय निकायों के परामर्श से निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति करेगी।

14. पटरी विक्रेताओं में से नगर पटरी विक्रय कमेटी के सदस्यों के चुनाव का तरीका.–

(1) नियम 13 के उप–नियम 2 के अनुसार नियुक्त निर्वाचन अधिकारी नगर पटरी विक्रेता कमेटी के सदस्यों का चुनाव आयोजित करेगा जो इस नियमावली के साथ संलगन अनुसूची में बताए गये तरीके से पटरी विक्रेताओं में से किया जाएगा।

(2) कोई फेरी लगाने वाला, पटरी पर दुकान लगाने वाला या गली में रेहड़ी पर सामान बेचने वाला विक्रेता नगर पटरी विक्रय कमेटी के चुनाव के लिए अयोग्य हो जाएगा, अगर वह:–

(क) नैतिक अधमता के अपराध का दोषी करार दिया गया हो;

(ख) नगर पटरी विक्रेता कमेटी के सदस्य के रूप में अपने दायित्वों के निर्वाह में शारीरिक और/या मानसिक रूप से असमर्थ हो जाए, और

(ग) उसने पूर्व में अपने पद का इस तरह से दुरपयोग किया हो कि उसका चुनाव लोक हित के प्रतिकूल हो जाए, और

8490/16–2

(3) प्रत्येक स्थानी प्राधिकरण सरकार को निर्वाचित सदस्यों के नाम सूचित करेगा, और सरकार इन नामों तथा मनोनीत सदस्यों के नामों के मिल जाने के बाद प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण की नगर पटरी विक्रय कमेटी के गठन की अधिसूचना जारी करेगी।

15. नगर पटरी विपणन कमेटी का कार्यकाल.–

(1) इस अधिनियम की धारा 22 के अंतर्गत गठित नगर पटरी विक्रय कमेटी का कार्यकाल गठन की तारीख से 5 साल का होगा, बशर्ते उसे इस नियमावली के नियम 17 के तहत समय से पहले भंग न कर दिया जाए।

(2) नगर पटरी विक्रय कमेटी के गठन की प्रक्रिया तब पूरी हो जानी चाहिए।

(क) इसका कार्यकाल पूरा होने से पहले, या

(ख) इसके भंग होने की तारीख से छह महीने पूरा होने से पहले।

16. नगर पटरी विक्रय कमेटी के सदस्य को हटाना.– अगर सरकार की नजर में नगर पटरी विक्रय कमेटी का कोई सदस्य इस अधिनियम के द्वारा/या इसके अधीन तथा इन नियमों के तहत अपने दायित्वों के निर्वहन में लगातार चूक कर रहा हो और अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रहा हो या इनकी सीमाएं लांघ रहा हो तो सरकार आदेश के जरिए ऐसे सदस्य को कमेटी से हटा सकती है।

शर्त यह भी है कि ऐसे सदस्य को हटाने से पहले सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान किया जाएगा।

17. नगर पटरी विक्रय कमेटी को भंग किया जाना.– अगर सरकार की नजर में कोई नगर पटरी विक्रय कमेटी इस अधिनियम के द्वारा/या इसके अधीन तथा इन नियमों के तहत अपने दायित्वों के निर्वहन में लगातार चूक कर रही हो और अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रही हो या इनकी सीमाएं लांघ रही हो तो सरकार आदेश के जरिए ऐसी नगर विक्रय कमेटी को भंग कर सकती है और उसके स्थान पर नयी नगर पटरी विक्रय कमेटी का गठन कर सकती है।

18. नगर पटरी विक्रय कमेटी के सदस्यों के भत्ते.– लाभ के पद पर कार्य नहीं कर रहे नगर पटरी विक्रय कमेटी के सदस्यों को कमेटी की बैठक में भाग लेने के लिए 500 रुपया प्रति बैठक या संबंधित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार भत्ता दिया जाएगा।

19. नगर पटरी विक्रय कमेटी की बैठकें.–

(1) कोई नगर विक्रय कमेटी आम तौर पर तीन महीनों में एक बार या कमेटी के अध्यक्ष द्वारा कामकाज के निपटारे के लिए निर्धारित अंतराल पर बैठक आयोजित करेगी।

इसके साथ ही शर्त यह भी है कि अध्यक्ष, धारा 22 के अंतर्गत नगर विक्रय कमेटी की पहली बैठक इसके गठन के 45 दिन के भीतर बुला सकते हैं।

(2) नगर पटरी विक्रय कमेटी की बैठकें अध्यक्ष के फैसले से स्थानीय प्राधिकरण के अधिकारक्षेत्र के अंतर्गत किसी भी परिसर या मुख्यालय में आयोजित की जा सकती है।

20. नगर पटरी विक्रय कमेटी की बैठक के कार्य संचालन का तरीका.–

(1) नगर पटरी विक्रय कमेटी अपनी बैठक के कार्यसंचालन के लिए ऐसी प्रक्रिया अपना सकती है जैसी सरकार कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों के परामर्श से तय करे।

(2) इस अधिनियम और नियमावली के प्रावधानों के तहत और उपनियमों के प्रावधानों के बावजूद नगर पटरी विक्रय कमेटी की बैठकों में प्रस्ताव आम तौर पर आम राय से या इसके सदस्यों की कुल संख्या के साधारण बहुमत से तथा बैठक में मौजूद व वोट डालने वाले सदस्यों के दो तिहाई सदस्यों से अन्यून बहुमत से पारित किये जाएंगे।

21. नगर पटरी विक्रय कमेटी द्वारा किये जाने वाले कार्य.–

अधिनियम के किसी अन्य प्रावधान पर प्रभाव डाले बिना कोई नगर पटरी विक्रय कमेटी निम्नलिखित कार्य करेगी:–

(क) अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाके में पात्र पटरी विक्रेताओं की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण कराना और योजना, मानदंडों तथा अपने अधिकार क्षेत्र की धारण क्षमता के अनुसार उनको खपाना;

(ख) पात्र पटरी विक्रेता से नियमों और शर्तों के पालन का वचन लेकर पटरी विक्रेता को प्रमाण पत्र जारी करना. इस संबंध में नगर पटरी विक्रेता कमेटी योजना के तहत बने शर्तों एवं मानदंडों का पालन करेगी ;

(ग) प्रमाण पत्र की किसी शत्र या अधिनियम के तहत पटरी व्यापार के नियमन के लिए बनाए गए नियमों, शर्तों अथवा इनके तहत बनी किसी योजना या कार्यक्रम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले पटरी विक्रेताओं के विक्रय प्रमाण पत्र रद्द या निलंबित करना. नगर पटरी विक्रेता कमेटी अगर इस बात से संतुष्ट हो कि पटरी व्यापारी ने अपना प्रमाण पत्र जालसाजी या धोखाधड़ी से हासिल किया है तो भी वह ऐसी कार्यवाही कर सकती है;

(घ) स्थानीय प्राधिकरण को उसके अंतर्गत आने वाले किसी इलाके को गैर–पटरी व्यापार क्षेत्र घोषित करने के बारे में सिफारिश करना;

(ङ) फेरी लगाने वालों और पटरी पर दुकान लगाने वालों के लिए इलाके और स्थान की पहचान करना;

(च) सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ न हो यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापार करने के समय का नियमन करना;

(ज) पटरी व्यापारियों द्वारा अवज्ञा के मामलों में सुधारात्मक प्रणाली लागू करना;

(छ) विवाद समाधान समिति और स्थानीय प्राधिकरण के समक्ष लंबित मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना;

(झ) पटरी व्यापार के पेशे को बढ़ावा देने की योजना तैयार करने के बारे में स्थानीय प्राधिकरणों को सिफारिशें करना,

(ञ) अपनी बैठकें आयोजित करना और अपना कामकाज दक्षता से करने के लिए उपयुक्त निर्णय करना;

(ट) अधिनियम के किसी भी प्रावधान को लागू करने के बारे में सहायता या परामर्श प्राप्त करने के लिए अपने साथ तकनीकी और पेशेवर व्यक्तियों को सम्मिलित करना;

(ठ) पटरी व्यापरियों का अधिकार पत्र प्रकाशित करना जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि पटरी व्यापारी का व्यापार प्रमाण पत्र जारी करने में कितना समय लगेगा, कितने समय में प्रमाण पत्र का नवीकरण होगा तथा इसी तरह की अन्य गतिविधियों के लिए क्या समय सीमा होगी;

(ड) पंजीकृत पटरी विक्रेताओं तथा ऐसे पटरी विक्रेताओं का ताजा रिकार्ड रखना जिनको अधिनियम के प्रावधानों के तहत विक्रेता लाइसेंस जारी किया जा चुका है;

(ढ) इस अधिनियम या इन नियमों या इसके अंतर्गत किसी कार्यक्रम के तहत अपनी गतिविधियों का सोशल ऑडिट कराना;

(ण) सरकार और स्थानीय प्राधिकरण को समय–समय पर अधिनियम के तहत निर्धारित विभिन्न विवरणियां भेजना;

(त) पटरी विक्रेताओं को कर्ज, बीमा और सामाजिक सुरक्षा की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने जैसे प्रोत्साहन–कार्यक्रमों के बारे में सरकार को अपनी टिप्पणियां देना;

(थ) अर्थव्यवस्था में पटरी विक्रेताओं की भूमिका के बारे में जनता में जागरूकता बढ़ाने में सरकार की मदद करना; और

(द) अधिनियम और इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्थानीय प्राधिकरण और सरकार द्वारा पटरी विक्रय कमेटी को हस्तांतरित किये जाने वाले इसी तरह के अन्य कार्य करना।

22. विशेषज्ञों को अपने साथ अस्थायी रूप से शामिल करने की नगर पटरी विक्रय कमेटी की शक्ति.–

(1) इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कोई नगर पटरी विक्रय कमेटी किसी भी प्रतिष्ठित व्यक्ति को जिसे इस क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव और जानकारी हो पटरी विक्रेताओं से संबंधित मामलों में तकनीकी या पेशेवर सलाह के लिए अपने साथ शामिल कर सकती है।

(2) उप–नियम (1) के अंतर्गत विशेषज्ञ के रूप में शामिल किये जाने वाले व्यक्ति का चयन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा और इसमें सरकारी विभागों में सलाहकारों और विशेषज्ञों तकनीकी या पेशेवर जानकारों को रखने के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा।

(3) उप–नियम (1) के अनुसार विशेषज्ञ के तौर पर संबद्ध किये जाने वाले व्यक्तियों को स्थानीय प्राधिकरण द्वारा निर्धारित भत्तों का भुगतान किया जाएगा।

23. नगर पटरी विक्रय कमेटी के कर्मचारी.– संबंधित स्थानीय प्राधिकरण नगर पटरी विक्रय कमेटी के अनुरोध पर सरकार की पूर्वानुमति से कमेटी को ऐसे कर्मचारी उपलब्ध करा सकते हैं जिन्हें स्थानीय प्राधिकरण इस नियमावली के नियम 21 के माध्यम से प्रदत्त या सौंपे गये कार्यों को करने के लिए आवश्यक समझता है।

24. नगर पटरी विक्रय कमेटी द्वारा पटरी विक्रेताओं का रिकार्ड रखने का तरीका.– प्रत्येक नगर पटरी विक्रय कमेटी बताये गये तरीके से डिजिटल फार्मेट में अद्यतन रिकार्ड रखेगी और इसके फार्मेट का निर्णय स्थानीय प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

अध्याय–6

विविध

25. नगर पटरी विक्रय कमेटी द्वारा विवरणी भेजना.– (1) प्रत्येक नगर पटरी विक्रय कमेटी हर साल के लिए डिजिटल फार्मेट में निम्नलिखित आवधिक विवरणियां तैयार कर सरकार और स्थानीय प्राधिकरण को उपलब्ध कराएगी:–

(1) सर्वेक्षण,

(क) साल के दौरान सर्वे किये गये पटरी विक्रेताओं की सूची;

(ख) उन इलाकों और वार्डों का नाम जहां सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है और इसके पूरा होने की तारीख;

(ग) इन इलाकों और वार्डों का नाम जहां सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है और इसके प्रारंभ किये जाने तथा पूरा होने की संभावित तारीख; और

(घ) साल के आखिरी दिन को पंजीकृत पटरी विक्रेताओं की वार्ड–वार सूची।

(2) पटरी विक्रय प्रमाण पत्र जारी करने के आवेदनों की प्राप्ति और निपटान–

(क) साल के दौरान पटरी विक्रय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राप्त हुए आवेदनों की सूची (वार्ड वार);

(ख) साल के दौरान निपटाये गये आवेदनों की सूची (वार्ड–वार) और इसमें से,

(1) स्वीकार किये गये आवेदनों की सूची;

(2) अस्वीकार आवेदनों की सूची; और

(3) साल के आखिरी दिन लंबित आवेदनों की सूची।

(3) पटरी विक्रय प्रमाण पत्रों के निलंबन के मामले–

(क) साल के दौरान पटरी विक्रय प्रमाण पत्र के निलंबन की कार्रवाई वाले मामलों की सूची;

(ख) बंद किये गये मामले जिनमें पटरी विक्रय प्रमाण पत्र बरकरार रहा;

(1) वैंडिंग के प्रमाण पत्र की संख्या जहां निलंबन हुआ है;

(2) बंद किए गए मामलों की संख्या और निरंतर वैंडिंग के प्रमाण पत्र;

(3) साल के अंतिम दिन लंबित मामलों की सूची.

(4) पटरी विक्रय प्रमाण पत्र के निलंबन को रद्द करने के आवेदन–

(क) साल के दौरान पटरी विक्रय प्रमाण पत्र के निलंबन को रद्द करने के आवेदनों की सूची;

(ख) ऊपर (क) में प्राप्त आवेदनों की सूची में से साल के दौरान निपटाये गये आवेदन–

(1) निलंबन रद्द करने से संबंधित आवेदनों की सूची जिनमें विक्रय प्रमाण पत्र को फिर से मान्य किया गया, और

(2) बंद किये गये मामलों की सूची जिनमे निलंबर जारी रहा।

(ग) साल की आखिरी तारीख को निलंबन रद्द करने संबंधी लंबित मामलों की सूची।

(5) पटरी विक्रय प्रमाण पत्र रद्द करने के मामले–

(क) ऐसे मामलों की सूची जिनमें साल के दौरान विक्रय प्रमाण पत्र रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ की गयी;

(ख) साल के दौरान निपटाए गये विक्रय प्रमाण पत्र रद्द करने के मामलों की सूची;

(1) रद्द किये गये विक्रय लाइसेंसों की सूची;

(2) बंद किये गये ऐसे मामलों की सूची जिनमें प्रमाण पत्र जारी रहा;

(ग) साल के आखिरी दिन लंबित मामलों की सूची।

(6) साल के दौरान आयोजित नगर पटरी विक्रय कमेटी की बैठकों का कार्यवृत्त–

(7) पहचान किये गये पटरी विक्रय ज़ोन की वार्ड–वार सूची जिसमें वार्ड, इलाका/कॉलोनी, सड़क, विक्रय ज़ोन का मानचित्र और धारण क्षमता का उल्लेख हो;

(8) पंजीकृत पटरी विक्रेताओं की वार्ड–वार संख्या जिन्हें अधिसूचित पटरी विक्रय ज़ोनों में खपाया गया है;

(9) अन्य गतिविधियां–

(1) (क) साल के दौरान कराए गये गतिविधियों के सोशल ऑडिट;

(ख) साल के दौरान पटरी विक्रेताओं को कर्ज, बीमा और सामाजिक सुरक्षा की अन्य कल्याण योजनाओं का फायदा दिलाने के लिए उठाए गये प्रोत्साहन उपाय;

(ग) अर्थव्यवस्था में पटरी विक्रेताओं की भूमिका के बारे में साल के दौरान जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए किये गये उपाय;

(2) सरकार या स्थानीय प्राधिकरण, में से कोई भी, किसी नगर विक्रय कमेटी से समय–समय पर किसी निर्धारित प्रारूप में कोई अन्य विवरणियां विवरणियां उपलब्ध कराने को भी कह सकती है।

26. समाचार पत्र आदि में अधिसूचित कार्यक्रम के सारांश आदि का प्रकाशन.–

(1) प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण के आयुक्त सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 38 की उप–धारा (1) की दूसरी अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित कार्यक्रम का सारांश सार्वजनिक सूचना के रूप में प्रकाशित करेंगे. इस नोटिस को कम से कम दो प्रमुख

दैनिक समाचारपत्रों अधिसूचना की धारा 38 उपधार (2) के तहत छपवाया जाएगा और इससे प्रभावित होने वाले क्षेत्र या इलाके में अधिक से अधिक जानकारी के लिए भी प्रसारित किया जाएगा.

(2) इस नोटिस पर स्थानीय प्राधिकरण के नगर आयुक्त अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे.

(3) यह नोटिस स्थानीय प्राधिकरण के निगम आयुक्त द्वारा निर्दिष्ट भाषा या भाषाओं में होगा.

आदेशानुसार व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के नाम पर

आलोक शर्मा, उपसचिव

अनुसूची

देखिए नियम 14

अपने अधिकार क्षेत्र के पटरी विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली किसी नगर पटरी विक्रय कमेटी के सदस्यों का चुनाव कराने की प्रक्रिया।

1. सरकार द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी किसी इलाके के पटरी विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली पटरी विक्रय कमेटी के सदस्यों के चुनाव का पर्यवेक्षण, संचालन और नियंत्रण करेगा।

2. जैसे ही किसी इलाके के पटरी विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली पटरी विक्रय कमेटी के सदस्यों के चुनाव आयोजित करने के स्थानीय प्राधिकरण के इरादे की अधिसूचना नियम 13 के उप–नियम (1) के तहत जारी की जाएगी और उप–**नियम** (2) के तहत निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति कर दी जाएगी, स्थानीय प्राधिकरण एक प्रस्ताव के जरिए चुनावों की तारीख, समय और स्थान का निर्धारण करेगा।

3. स्थानीय प्राधिकरण के प्रस्ताव/निर्णय को उस नगर पटरी विक्रय कमेटी के अधिकार क्षेत्र में रेहड़ी, पटरी और फेरी लगाकर व्यापार करने वालों में निम्नलिखित में से किसी भी एक तरीके से प्रचार किया जाएगा:

(क) दो प्रमुख हिन्दी, अंग्रेजी या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा उचित समझी जाने वाली किसी भाषा के दैनिक समाचारपत्र में सार्वजनिक सूचना के जरिए;

(ख) स्थानीय वितरण;

(ग) डाक से सर्टिफिकेट ऑफ पोस्टिंग वाले पत्र के जरिए,

(घ) सक्षम प्राधिकारण में विधिवत पंजीकृत स्पीड पोस्ट या कूरियर सेवा के जरिए और निर्वाचन अधिकारी के नोटिस बोर्ड के माध्यम से. नोटिस में निम्नलिखित सूचनाएं होनी चाहिए–

(1) चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या जिसमें अनुसूचित जातियों, अन्य पिछडे वर्गों, महिलाओं, विकलांगजनों, अल्पसंख्यकों या किसी अन्य निर्दिष्ट श्रेणी के आरक्षित सीटें शामिल हैं।

(2) नामांकन पत्र जमा कराने की तारीख, स्थान और समय. यह तारीख चुनाव के लिए निर्धारित तारीख से पूरे सात दिन से कम नहीं होनी चाहिए, और अगर उस दिन सार्वजनिक अवकाश का हो तो उसके अगले कार्यदिवस को जो कि अवकाश का नहीं होना चाहिए।

व्याख्या.–"सार्वजनिक अवकाश" का तात्पर्य किसी ऐसे दिन से है जो नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 (1881 का केन्द्रीय अधिनियम 26) की धारा 25 के अंतर्गत सरकार द्वारा सरकारी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश का दिन घोषित ही किया गया हो।

(3) नामांकन पत्रों की जांच की तारीख और समय;

(4) मतदान की तारीख, स्थान और समय।

4. स्थानीय प्राधिकरण नामांकन आमंत्रित करने की निर्धारित तारीख से तीस दिन पहले नगर विक्रय कमेटी के अधिकार क्षेत्र में रेहड़ी, पटरी और फेरीवाले व्यापारियों की एक सूची तैयार करेगा और नामांकन आमंत्रित करने के कम से कम 10 दिन पहले उक्त सूची को नगर पटरी विक्रय कमेटी के कार्यालय के नोटिसबोर्ड पर लगाएगा. इस सूची में पटरी विक्रेता की पंजीयन संख्या/प्रमाण पत्र संख्या, उसका नाम, उसके पिता या पति का नाम, उसका पता दर्ज होना चाहिए. नगर पटरी विक्रय कमेटी या स्थानीय प्राधिकरण की यह जिम्मेदारी होगी कि वह फेरी, रेहड़ी और पटरी विक्रेताओं का अद्यतन रजिस्टर या ऐसा अन्य रजिस्टर तैयार करे जो निर्वाचन अधिकारी कहे और इस तरह के रिकार्ड, रजिस्टर या रेजिस्टरों को निर्वाचन अधिकारी को चुनाव के लिए निर्धारित तारीख से 30 दिन पहले सौंप दे. नगर पटरी विक्रय कमेटी या स्थानीय प्राधिकरण सूची की एक प्रति किसी भी पटरी विक्रेता को स्थानीय प्राधिकरण द्वारा निर्धारित निश्चित शुल्क लेकर उपलब्ध करा सकती है।

5. चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन फार्म–1,अनुसूची के साथ संलग्न है, में किये जाएंगे जो निर्वाचन अधिकारी द्वारा किसी भी पटरी विक्रेता को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

8UDG/16-B

6. उम्मीदवार नामांकन पत्रों के साथ दो हजार रुपये जमानत के तौर पर नकद या बैंक ड्राफ्ट या पे ऑर्डर भी जमा कराएंगे. अगर कोई उम्मीदवार डाले गये कुल वोटों के एक बटा छह से कम वोट हासिल करता है तो उसकी जमानत राशि स्थानीय प्राधिकरण के पक्ष में जब्त हो जाएगी।

7. प्रत्येक नामांकन पत्र को उम्मीदवार द्वारा व्यक्तिगत रूप से या उसके प्रस्तावक या अनुमोदक द्वारा निर्वाचन अधिकारी को पेश करना होगा. निर्वाचन अधिकारी नामांकन पत्र पर क्रम संख्या डालेगा और अपने पास इसके प्राप्त होने की प्रमाणित तारीख और समय दर्ज करेगा और तत्काल नामांकन पत्र की एक पावती रसीद नगर पटरी विक्रय कमेटी/निर्वाचन अधिकारी की मोहर के साथ लौटाएगा. जो नामांकन पत्र जमा कराने के लिए निर्धारित अंतिम तारीख और समय या उससे पहले प्राप्त नहीं होगा उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

8. (1) नामांकन प्राप्त करने के लिए निर्धारित अंतिम तारीख के अगले दिन निर्वाचन अधिकारी नामांकन पत्रों की जांच करेगा;

(2) निर्वाचन अधिकारी नामांकन पत्रों की जांच करेगा और किसी भी नामांकन के संबंध में किसी भी व्यक्ति की आपत्तियों के बारे में निर्णय लेगा. निर्वाचन अधिकारी इन आपत्तियों पर या स्वतः संज्ञान लेते हुए, अगर जरूरत हो तो सरसरी तौर पर ऐसी जांच के बाद, जिसे वह उचित समझे किसी नामांकन को रद्द कर सकता है;

इसके साथ ही शर्त यही भी है कि किसी उम्मीदवार का नामांकन सिर्फ उसके और उसके प्रस्तावक अथवा अनुमोदक का नाम या कोई अन्य ब्यौरा, धारा 4 में बतायी गयी पटरी विक्रेताओं की सूची में दर्ज उम्मीदवार, उसके प्रस्तावक और अनुमोदक के ब्यौरे को गलत तरीके से लिखे जाने के आधार पर रद्द नहीं होगा, बशर्ते कि उम्मीदवार, उसके प्रस्तावक और अनुमोदक की पहचान संदेह के तर्कसंगत दायरे के परे साबित हो जाए;

(3) निर्वाचन अधिकारी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों, उनके प्रस्तावकों और अनुमोदकों को सभी नामांकन पत्रों की जांच करने और उन्हें यह आश्वस्त करने की तमाम वाजिब सुविधाएं देंगे कि चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के नाम को वैध तरीके से शामिल किया गया है;

(4) निर्वाचन अधिकारी प्रत्येक नामांकन पत्र पर उसे स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय को पृष्ठांकित करेगा और अगर नामांकन पत्र अस्वीकार किया जाता है तो वह लिखित में इसके कारणों के बारे में संक्षिप्त वक्तव्य दर्ज करेगा,

(5) निर्वाचन अधिकारी प्रक्रिया को स्थगित नहीं करेगा और अगर करेगा तो सिर्फ तभी जब दंगे, फसाद या नियंत्रण से बाहर के किसी कारण से इस प्रक्रिया में व्यवधान या बाधा आए ।

9. निर्वाचन अधिकारी द्वारा वैध करार दिये गये नामों की सूची, जिसमें नामांकन पत्रों में दिये गये उम्मीदवारों के नाम अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में दर्ज होंगे और साथ में उनके पते के भी होंगे, उसी दिन प्रदर्शित/प्रकाशित कर दी जाएगी जिस दिन नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा होगा।

10. कोई भी उम्मीदवार अपने हस्ताक्षरों से युक्त लिखित नोटिस व्यक्तिगत रूप से देकर अपना नामांकन वापस ले सकता है. ऐसा नोटिस नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जाने के बाद लेकिन वैध नामांकनों की सूची प्रकाशित होने के अगले दिन शाम 5 बजे से पहले किसी भी वक्त नगर पटरी विक्रय कमेटी के निर्वाचन अधिकारी को दिया जा सकता है. एक बार नामांकन वापस लेने का नोटिस दिये जाने के बाद इसे वापस नहीं लिया जा सकेगा।

11. अगर ऐसे उम्मीदवारों की संख्या, जिनके नामांकन वैध घोषित किये गये हैं चुने जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या से ज्यादा नहीं होंगे तो निर्वाचन अधिकारी ऐसे सभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेगा और उपरोक्त धारा 10 के तहत नाम वापस लेने के दिन समय सीमा के खत्म होने के बाद उन्हें विधिवत निर्वाचित घोषित कर देगा. अगर वैध नामांकन वाले उम्मीदवारों की संख्या चुने जाने वालों की संख्या से ज्यादा होगी तो निर्वाचन अधिकारी मतदान के लिए निर्धारित तारीख को चुनाव कराने का इंतजाम करेगा. निर्वाचन अधिकारी जरूरत पड़ने पर चुनाव कराने के लिए एक या एक से अधिक मतदान अधिकारियों की नियुक्ति कर सकता है. इसके लिए इस्तेमाल किये जाने वाले मतपत्र इस अनुसूची के साथ फार्म–2 के रूप में संलग्न हैं ।

12. स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन अधिकारी को मतपेटियां, मतपत्र, पटरी विक्रेताओं/मतदाताओं की सूची की प्रति और इसी तरह की अन्य चीजें उपलब्ध कराएगा जो चुनाव कराने के लिए आवश्यक होते हैं. मतपेटी इस तरह से बनायी जाएगी कि उसमें मतपत्रों को डाला तो जा सकेगा मगर ताला खोले बिना उन्हें बाहर नहीं निकाला जा सकेगा. चुनाव लड़ रहा कोई भी उम्मीदवार निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की पहचान करने और वोट डालने के कार्य की निगरानी दोनों ही में उम्मीदवार का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव एजेंट नियुक्त करवा सकता है. इस पत्र में इस अनुसूची के साथ संलग्न फार्म–3 में संबंधित एजेंट की सहमति संलग्न करनी होगी।

13. मतदान पूरा होने के निर्धारित समय से 48 घंटे पहले मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट डालने की अपील करने पर रोक होगी।

14. मतदान प्रारंभ होने के ठीक पहले निर्वाचन अधिकारी खाली मतपेटी को वहां उपस्थित व्यक्तियों को दिखाएगा और उसके बाद उसमें ताला लगाकर सील लगा देगा. अगर उम्मीदवार या उसका एजेंट चाहे तो वह भी अपनी मोहर ताले पर लगा सकते हैं।

15. प्रत्येक पटरी विक्रेता/मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहता है, उसे एक मतपत्र उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नाम अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के क्रम में हिन्दी और अंग्रेजी में क्रम संख्या के साथ छपे हुए या टाइप किये हुए अथवा साइक्लोस्टाइल किये हुए होंगे. मतपत्र पर नगर पटरी विक्रय कमेटी की मोहर के साथ-साथ निर्वाचन अधिकारी के संक्षिप्त हस्ताक्षर भी होंगे. मतपत्र पर एक कॉलम होगा जिसमें मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम के आगे गुणा का निशान लगा सकता है।

16. प्रत्येक मतदान केन्द्र और अगर मतदान केन्द्र में एक से ज्यादा मतदान बूथ हैं तो हर बूथ में बनाए गये अलग-अलग कक्षों में पटरी विक्रेता/मतदाता गोपनीयता से अपना वोट डाल सकेंगे।

17. किसी पटरी विक्रेता/मतदाता को तबतक कोई मतपत्र नहीं दिया जाएगा जब तक कि मतदान अधिकारी इस बात से संतुष्ट न हो कि संबंधित पटरी विक्रेता/मतदाता वही व्यक्ति है जिसका नाम उसको उपलब्ध करायी गयी सूची में शामिल है. इस तरह का मतपत्र प्राप्त करने के बाद पटरी विक्रेता/मतदाता वोट डालने के लिए बनाए गए मतदान कक्ष में जाएगा और उम्मीदवार या उम्मीदवारों के नाम के आगे गुणा का निशान लगाकर व्यक्ति या व्यक्तियों के बारे में अपनी पसंद का संकेत देगा और मतपत्र को वोट डालने के लिए रखी गयी मतपेटी में पूरी गोपनीयता से डालेगा. अगर अंधता या किसी अन्य शारीरिक अक्षमता या निरक्षरता के कारण कोई पटरी विक्रेता/मतदाता मतपत्र में निशान लगाने में असमर्थ है, तो मतदान अधिकारी और अगर जहां मतदान अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया है वहां निर्वाचन अधिकारी उससे पूछकर यह पता लगाएगा कि वह किस उम्मीदवार या उम्मीदवारों के पक्ष में मतपत्र में गुणा का निशान लगाना चाहता है और ऐसा करके मतपत्र को मतपेटी में डाल देगा।

18. अगर मतदान के किसी भी चरण में दंगे या गड़बड़ी की वजह से मतदान प्रक्रिया में व्यधान आता है या बाधा उत्पन्न होती है और पर्याप्त कारणों से चुनाव कराना संभव नहीं रहता तो ऐसी स्थिति में निर्वाचन अधिकारी मतदान रोक सकता है. उसे इसके लिए नगर पटरी विक्रय कमेटी की कार्यवृत्त पुस्तिका में इस तरह की कार्रवाई के लिए कारणों को दर्ज करना होगा।

19. मतदान के लिए निर्धारित अवधि के पूरा हो जाने के बाद किसी पटरी विक्रेता/मतदाता को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा, लेकिन अगर वह मतदान का समय पूरा होने से पहले मतपत्र जारी करने के स्थान पर पहुंच जाता है तो उसे मतपत्र दे दिया जाएगा और वोट डालने दिया जाएगा।

20. मतगणना मतदान के तुरंत बाद होगी. प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा हासिल वोटों की संख्या और चुनाव परिणाम की घोषणा निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना के पूरा होने के तुरंत बाद कर दी जाएगा. मतगणना पूरी होने और नतीजे की घोषणा के तुरंत बाद निर्वाचन अधिकारी चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार को चुनाव प्रमाण पत्र प्रदान करेगा।

21. चुनाव परिणाम को नगर पटरी विक्रय कमेटी की कार्यवृत्त पुस्तिका में भी निर्वाचन अधिकारी के सत्यापन के साथ दर्ज किया जाएगा और कमेटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर तुरंत अधिसूचित कर दिया जाएगा।

22. बराबर-बराबर वोट मिलने की स्थिति में निर्वाचन अधिकारी सिक्का उछाल कर नतीजे का एलान करेगा।

23. **निर्वाचन अधिकारी द्वारा कोई मतपत्र रद्द कर दिया जाएगा अगर–**

(1) इसमें ऐसा कोई निशान हो जिससे मतदाता पहचान की जा सके;

(2) इसमें नगर पटरी विक्रय कमेटी की मोहर या निर्वाचन अधिकारी के आद्याक्षर न हों;

(3) वोट डालने का निशान इस तरह से लगा हो कि किस उम्मीदवार को वोट दिया है यह फैसला करना संदिग्ध हो;

(4) मतपत पत्र इतना खराब या कटा-फटा हुआ हो कि असली मतपत्र के रूप में इसकी पहचान न की जा सके.

24. चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद, निर्वाचन अधिकारी द्वारा नतीजे के एलान के तीन दिन के भीतर चुनाव परिणाम और उस पर एक रिपोर्ट स्थानीय प्राधिकरण और सरकार को भेजी जाएगी।

25. चुनाव के परिणाम की घोषणा के बाद निर्वाचन अधिकारी मतपत्रों और नगर विक्रय कमेटी के सदस्यों के चुनाव से संबंधित रिकार्ड को सीलबंद लिफाफे में स्थानीय प्राधिकरण को सौंप देगा. इसे स्थानीय प्राधिकरण द्वारा चुनाव की तारीख से छह महीने या चुनाव विवाद की स्थिति में विवाद का निपटारा होने की अवधि में से जो भी बाद में हो, तब तक के लिए सुरक्षित रखा जाएगा तथा इसके बाद इसे नष्ट कर दिया जाएगा. चुनाव रिकार्ड के दिये जाने और प्राप्त किये जाने के प्रमाण की प्रतिलिपि निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपनी रिपोर्ट के साथ सरकार और स्थानीय प्राधिकरण को भेजी जाएंगी।

अनुसूची

(नियम 14 देखें)

फार्म–1

टाउन वैंडिंग समिति के सदस्य के चुनाव के लिए नामांकन

सेवा में

रिटर्निंग अधिकारी

टाउन वैंडिंग समिति

महोदय,

मैं पत्नी/पुत्र/पुत्री श्री ———— टाउन वैंडिंग समिति के अधिकार क्षेत्र में दुकान लगाता हूँ (वैंडिंग का पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं0.....) एतद्द्वारा श्री/श्रीमती/कुमारी ———— जो श्री ———— का पत्नी/पुत्र/पुत्री है का नाम प्रस्तावित करता हूँ तथा वह उक्त टाउन वैंडिंग समिति का स्ट्रीट वैंडर है (वैंडिंग का पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं0 .....)/ यह प्रस्ताव उक्त समिति के सदस्य के दिनांक ———— को होने वाले चुनाव के प्रत्याशी के लिए है।

प्रस्तावक का नाम और हस्ताक्षर

वैंडिंग का पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं0————

मैं———— पत्नी/पुत्र/पुत्री श्री ———— की टाउन वैंडिंग समिति को ———— जिसका पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं0———— है इसके द्वारा प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

समर्थक का नाम और हस्ताक्षर

पंजीकरण/प्रमाण पत्र संख्या————

प्रत्याशी की घोषणा

मैं ———— पत्नी/पुत्र/पुत्री/ श्री ———— जिसका टाउन वैंडिंग समिति का पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं0———— है इसके द्वारा ———— स्थान की टाउन वैंडिंग समिति के सदस्य के चुनाव के लिये अपने नामांकन पर सहमत हूँ।

मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि :–

(i) मैं उक्त टाउन वैंडिंग समिति का कर्मचारी नहीं हूँ।

(ii) मैं मतदान के लिए पात्र हूँ :

(iii) उक्त टाउन वैंडिंग समिति के सदस्य के चुनाव हेतु पटरी दुकानदार (पटरी दुकानदार आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम, 2014 (2014 का केन्द्रीय अधिनियम 07) तथा उसके अंतर्गत बनाए गए दिल्ली पटरी दुकानदार (पटरी दुकानदार आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली, 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत किसी अयोग्यता के अन्तर्गत नहीं आता।

प्रत्याशी का नाम तथा हस्ताक्षर

वैंडिंग का पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं0 ————

(केवल कार्यालय प्रयोग हेतु)

नामांकन पत्र दिनांक ———— को ———— बजे प्राप्त किया।

रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर————

मोहर

पावती

श्री ———— का नामांकन पत्र दिनांक———— को ———— बजे प्राप्त किया जिसे श्री/श्रीमती/कुमारी ———— ने प्रस्तुत किया जो चुनाव के लिए प्रत्याशी/प्रस्तावक/अनुमोदक है।

रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर

मोहर

अनुसूची
(नियम 14 देखें)
फार्म–2
(अनुसूची 1 का खंड 11)
टाउन वैंडिंग समिति के सदस्य के चुनाव हेतु मतपत्र

टाउन वैंडिंग समिति के सदस्यों के चुनाव हेतु मतपत्र जिसका चुनाव दिल्ली (पटरी दुकानदार आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियम, 2016 के नियम 17 के साथ संलग्न अनुसूची के अंतर्गत चुनाव संचालित किया जाना है।

———————————— टाउन वैंडिंग समिति

———————————— पता

(अधपन्ना)

——————— पद हेतु मतपत्र

चुनाव की तिथि ———————

क्रम सं0——— वैंडिंग का पंजीकरण/प्रमाण पत्र

मतपत्र संख्या ————————

कृपया किसी प्रत्याशी के सामने (x) निशान लगाएं।

क्र0 सं0	प्रत्याशी का नाम	वैंडिंग का पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं.........	मतदान करने का चिह्न

अनुसूची
(नियम 14 देखें)
फार्म–3
(अनुसूची 1 का खंड 12)

मैं ———————— पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ————————स्ट्रीट वैंडर, जिसका वैंडिंग का पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं0 ——————— है, टाउन वैंडिंग समिति के अधिकार क्षेत्र में पटरी दुकानदार हूँ तथा उक्त समिति के सदस्य का चुनाव प्रत्याशी हूँ, एतद्द्वारा उक्त टाउन वैंडिंग समिति के सदस्यों के दिनांक ——— को होने वाले चुनाव में निम्नलिखित व्यक्तियों को अपने चुनाव एजेंट/काउंटिंग एजेंट के रूप में नामांकित करता हूँ :–

प्रत्याशी का नाम और हस्ताक्षर

वैंडिंग का पंजीकरण/प्रमाण पत्र सं0————

मैं ———————— पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री ———————— पता———————————————————चुनाव एजेंट/एकाउंट एजेंट बनना चाहता हूँ।

एजेंट का नाम तथा हस्ताक्षर

फार्म "क"
(नियम 7 देखें)
स्ट्रीट वैंडर्स के शिकायत निवारण या विवाद के समाधान के लिये शिकायत निवारण तथा विवाद समाधान समिति को आवेदन

1.	आवेदक का नाम और पता	:	
2.	पंजीकरण संख्या/केस संख्या/आईडीसंख्या	:	
3.	वैंडिंग का स्थान – (अवस्थिति, जोन, वार्ड आदि का पूरा विवरण दें)	:	
4.	वैंडिंग का स्वरूप (उपयुक्त पर निशान लगाएं) (क) स्टेशनरी; (ख) मोबाइल; (ग) कोई अन्य श्रेणी (यदि अन्य कृपया श्रेणी विनिर्दिष्ट करें)	:	(क) ☐ (ख) ☐ (ग) ☐

840G/16-4

5.	वैंडिंग का प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि (वैंडिंग के प्रमाण पत्र की प्रति लगाएं, यदि जारी किया गया है)	:	
6.	शिकायत निवारण या विवाद समाधान का आधार (पूरा विवरण दें आवश्यकतानुसार अधिक पृष्ठ लगाएं)		

आवदेक के हस्ताक्षर

घोषणा

मैं आवेदक श्री ———————— सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि ऊपर जो कहा गया है वह मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।

स्थान:

दिनांक: आवेदक के हस्ताक्षर

नोट:– कृपया आवेदन के साथ सभी संबंधित दस्तावेज लगाएं।

फार्म "ख"

(नियम 9 देखें)

शिकायत निवारण तथा विवाद समाधान समिति के निर्णय के विरूद्ध स्थानीय प्राधिकरण को अपील

1.	अपीलकर्ता का नाम और पता	:	
2.	पंजीकरण संख्या/केस संख्या/आईडीसंख्या	:	
3.	वैंडिंग का स्थान – (अवस्थिति, जोन, वार्ड आदि का पूरा विवरण दें)	:	
4.	वैंडिंग का स्वरूप (उपयुक्त पर निशान लगाएं) (क) स्टेशनरी; (ख) मोबाइल; (ग) कोई अन्य श्रेणी (यदि अन्य कृपया श्रेणी विनिर्दिष्ट करें)	:	(क) ☐ (ख) ☐ (ग) ☐
5.	समिति का निर्णय (विवाद निवारण समिति के निर्णय के प्रति लगाकर बताएं) (क) निर्णय संख्या; तथा (ख) निर्णय की तिथि	:	
6.	अपील का आधार (पूरा विवरण दें आवश्यकतानुसार अधिक पृष्ठ लगाएं)		

अपीलकर्ता के हस्ताक्षर

घोषणा

मैं अपीलकर्ता श्री ———————— सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि ऊपर जो कहा गया है वह मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।

स्थान:

दिनांक:

अपीलकर्ता के हस्ताक्षर

नोट:– कृपया अपील के साथ सभी संबंधित दस्तावेज लगाएं।

फार्म "ग"

(नियम 10 देखें)

टाउन वैंडिंग समिति के निर्णय के विरूद्ध स्थानीय प्राधिकरण को अपील

1.	अपीलकर्ता का नाम और पता	:	
2.	पंजीकरण संख्या/केस संख्या/आईडीसंख्या	:	
3.	वैंडिंग का स्थान – (अवस्थिति, जोन, वार्ड आदि का पूरा विवरण दें)	:	
4.	वैंडिंग का स्वरूप (उपयुक्त पर निशान लगाए) (क) स्टेशनरी; (ख) मोबाइल; (ग) कोई अन्य श्रेणी (यदि अन्य कृपया श्रेणी विनिर्दिष्ट करें)	:	(क) ☐ (ख) ☐ (ग) ☐
5.	वैंडिंग का प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि (बिक्री के प्रमाण पत्र की प्रति लगाएं, यदि जारी है)	:	
6.	आदेश का स्वरूप, जिसके प्रति अपील है (उपयुक्त पर निशान लगाएं) (क) बिक्री प्रमाण पत्र जारी किया जाना; (ख) बिक्री प्रमाण पत्र निरस्त किया जाना; (ग) बिक्री प्रमाण पत्र निलम्बित किया जाना।		(क) ☐ (ख) ☐ (ग) ☐
7.	अपील का आधार (पूरा विवरण दें आवश्यकतानुसार अधिक पृष्ठ लगाएं)		

अपीलकर्ता के हस्ताक्षर

घोषणा

मैं अपीलकर्ता श्री ———————— सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि ऊपर जो कहा गया है वह मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।

स्थान:

दिनांक:

अपीलकर्ता के हस्ताक्षर

नोट:– कृपया अपील के साथ सभी संबंधित दस्तावेज लगाएं।

URBAN DEVELOPMENT DEPARTMENT

NOTIFICATION

Delhi, the 7th January, 2016

No. F. 13(61)/UD/MB/CC/2014/ 6987.—In exercise of powers conferred by section 36 read with sub-clause (ii) of clause (a) of sub-section (I) of section 2 of the Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act, 2014 (7 of 2014), and in supersession to the earlier rules notified vide No. F.13(61)/UD/MB/CC/2014/7121 dated 26th November, 2014 except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Government of National Capital Territory of Delhi, hereby makes the following rules, namely: -

CHAPTER – I

PRELIMINARY

1. **Short title and commencement.**— (1) These rules may be called the Delhi Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Rules, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Delhi Gazette.

2. **Definitions.**—(1) In these rules, unless the context otherwise requires,

(a) "Act" means the Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act, 2014 (Central Act 7 of 2014);

(b) "bye-laws" mean the bye-laws made under section 37;

(c) "Form" means a form appended to these rules;

(d) "Government" means the Government of National Capital Territory of Delhi;

(e) "Grievance redressal and dispute resolution committee" means a committee constituted by the Government of National Capital Territory of Delhi under sub-section (1) of section 20 of the Act for the redressal of grievanees or resolution of disputes;

(f) "Local Authority" means the local authority as defined under section 2(1)(c) of the Act and includes the East Delhi Municipal Corporation, the North Delhi Municipal Corporation, the South Delhi Municipal Corporation, the New Delhi Municipal Council, the Delhi Development Authority and the Delhi Cantonment Board;

(iii) पटरी विक्रेता (स्ट्रीट वैंडर्स), विक्रय क्षेत्र (वेंडिंग जोन), पटरी विक्रेता कार्यक्रम, नगर पटरी विक्रेता समिति (टाउन वेंडिंग कमेटी–टीवीसी) और उसके कार्य तथा अन्य मामलों का अर्थ और व्याख्याएं पटरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण और पटरी विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 और पटरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण और पटरी विक्रय विनियमन) नियमावली, 2016 के अनुरूप होंगी।

(iv) इस कार्यक्रम का लक्ष्य पटरी विक्रेताओं के लिए समर्थक वातावरण प्रदान एवं प्रोत्साहित करना है ताकि वे अधिनियम और नियमों के अनुरूप अपना व्यवसाय संचालित कर सकें।

(v) पटरी विक्रय कार्यक्रम में, सरकार द्वारा स्थानीय निकायों और नगर पटरी विक्रेता समिति (टीवीसी) से सलाह मशविरा करने के बाद, आवश्यकता अनुसार संशोधन किया जा सकता है।

अध्याय–1

1. **पटरी विक्रेताओं का सर्वेक्षण कराने की पद्धति:**

(1.1.1) नगर पटरी विक्रेता समिति (टाउन वेंडिंग कमेटी–टीवीसी) स्थानीय निकायों की सहायता से, अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों में सभी पटरी विक्रेताओं की व्यापक डिजिटीकृत फोटो गणना/सर्वेक्षण करेगी और सभी वर्तमान अचल पटरी विक्रेताओं का जीआईएस मानचित्रण करेगी। यह सर्वेक्षण नगर बिक्री समिति द्वारा दिए गए आदेश की तारीख से 3 महीने की अवधि में किया जाएगा और इसके हर 3 वर्ष बाद परवर्ती सर्वेक्षण किए जाएंगे।

840G/16-8

(1.1.2) टीवीसी सर्वेक्षण का संचालन, निगरानी और देखरेख करेगी तथा व्यापक डिजिटीकृत फोटो–बायोमीट्रिक गणना करेगी और स्थानीय निकायों/व्यावसायिक संगठनों/विशेषज्ञों/स्वयंसेवी संगठनों की सहायता से वर्तमान अचल और अन्य पटरी विक्रेताओं का जीपीएस/जीआईएस मानचित्रण करेगी।

(1.1.3) स्थानीय निकाय पटरी विक्रेताओं के सर्वेक्षण को अंजाम देने के लिए टीवीसी की अनुशंसा पर मुक्त पारदर्शी चयन प्रक्रिया के जरिए एक एजेंसी को अनुबंधित कर सकते हैं, और समुदाय की भागीदारी अथवा स्वैच्छिक संगठनों/आरडब्ल्यूए/एमटीएज की सहायता से सर्वेक्षण की वैकल्पिक पद्धतियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

(1.1.4) सर्वेक्षण टीमें प्राथमिक आंकड़े एकत्र करेंगी, जैसे पटरी विक्रेता का नाम, लिंग, आयु, जन्मतिथि, जन्म स्थान, व्यापार/बिक्री का स्वरूप, बिक्री की पद्धति, माता–पिता का नाम, पति–पत्नी का नाम, आश्रित बच्चे, बिक्री का स्थान, उचित दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर बिक्री करने की समयावधि, पता (वर्तमान और स्थायी), वर्तमान पटरी विक्रेताओं के संपर्क नंबर, पटरी विक्रेता की स्थिति जैसे विकलांग और महिला, अदालती आदेश, यदि कोई हो सहित विक्रय का साक्ष्य, पहचान प्रमाणपत्र (यदि कोई हो)। शेष जानकारी के लिए स्थानीय निकाय द्वारा "**अनुलग्नक–क**" में निर्धारित अनुसार आवेदन प्रपत्र भी पटरी विक्रेता को स्थल पर जारी किया जाएगा।

(1.1.5) पंजीकरण के लिए सर्वेक्षण फार्म/आवेदन प्रपत्र विशिष्ट बार कोड/आईडी के साथ कम्प्यूटर सृजित होगा और उसका उल्लेख पावती रसीद में भी किया जाएगा। सर्वेक्षण आवेदन फार्म प्राप्त करने/पंजीकरण करने का काम सर्वेक्षण के दौरान टीवीसी आदि द्वारा नामित टीम/विशेषज्ञ सदस्यों द्वारा स्थल पर ही पूरा किया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा ब्यौरा प्राप्त करते हुए सर्वेक्षण फार्म साइट/स्थल पर ही भरा जाएगा और अपेक्षित दस्तावेज लिए जाएंगे।

(1.1.6) सर्वेक्षण की वीडियोग्राफी की जा सकती है अथवा स्थल पर सर्वे किए गए प्रत्येक वेंडर का स्थिर फोटोग्राफ लिया जाएगा और सर्वेक्षण की तारीख और सर्वेक्षण के स्थान का उल्लेख सर्वेक्षण रिकार्ड के रजिस्टर में किया जाएगा।

(1.1.7) सरकार इसके साथ उपलब्ध प्रासंगिक डेटा के साथ इस प्रकार नगर पटरी विक्रेता समिति (टाउन वेंडिंग कमेटी–टीवीसी) के द्वारा प्राप्त सर्वेक्षण के आंकड़ों की वैधता को सुनिश्चित कर सकती है।

(1.1.8) कारगर और पारदर्शी सर्वेक्षण के लिए जीपीएस, टेबलेट और सर्वेक्षण आंकड़ों के ऑनलाइन संग्रहण तथा केंद्रीय सर्वर के साथ रीयल टाइम अपलिंकिंग सहित अद्यतन प्रौद्योगिकी इस्तेमाल की जाएगी। फोटोग्राफ, स्थल समन्वयक और उनके स्थान तथा सर्वेक्षण स्थल पर उपलब्ध कराए गए दस्तावेज वास्तविक समय में स्कैन किए जाएंगे और अपलोड किए जाएंगे। भौतिक सर्वेक्षण फार्म/आवेदन फार्म भी स्कैन और डिजिटीकृत किए जाएंगे, जिन्हें विशिष्ट आईडी से सर्च किया जा सकेगा और सर्वेक्षण के समय आवेदक/पटरी विक्रेता को दिए गए पावती पत्रक पर बार कोड प्रदर्शित किया जाएगा।

(1.1.9) पंजीकरण फार्म पूरा करने वाला अधिकारी या सुविधा प्रदाता अथवा स्थल पर फार्म भरने में सहायता करने वाला व्यक्ति एक पावती पत्रक जारी करेगा, जिसके ऊपर संदर्भ प्रयोजनों के लिए एक विशिष्ट आईडी और बार कोड दिया जाएगा। सर्वेक्षित पटरी विक्रेता के हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान लिया जाएगा। सुविधा प्रदाता भी आवेदन/सर्वेक्षण फार्म संख्या, विक्रय स्थल का पता, विक्रय स्थल का फोटोग्राफ, दस्तावेज की स्कैनिंग आदि के बारे में जानकारी सर्वेक्षण फार्म में उपलब्ध कराएगा।

(1.1.10) पटरी विक्रेता के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन हेतु आवेदन प्रपत्र शुल्क रु. 100/– होगा।

(1.1.11) स्थानीय निकाय/टीवीसी, एक सुविधा सेवा प्रदाता के जरिए पटरी विक्रेताओं को पंजीकरण फार्म भरने में सहायता प्रदान करेंगे।

(1.1.12) पटरी विक्रेताओं के रूप में पंजीकरण और परवर्ती विक्रय प्रमाणपत्र जारी किए जाने हेतु पात्रता की शर्तें निम्नांकित अनुसार होंगी :–

(क) विक्रेता भारत का नागरिक होना चाहिए। उसकी न्यूनतम आयु पटरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण और पटरी विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के प्रावधानों में निर्धारित अनुसार होनी चाहिए।

(ख) वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का एक पंजीकृत मतदाता अवश्य होना/होनी चाहिए।

(ग) उसे स्वयं या उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य को दिल्ली के किसी अन्य स्थानीय निकाय द्वारा अस्थाई, साप्ताहिक बाजार और त्यौहार विक्रय सहित पटरी विक्रेता के रूप में पंजीकृत न किया गया हो और विक्रय प्रमाणपत्र प्रदान न किया गया हो।

(उपरोक्त जानकारी के प्रमाणन के लिए स्थानीय निकाय पटरी विक्रेताओं के आंकड़े साझा करेंगे)।

(1.1.13) पटरी विक्रय में उचित संलग्नता की प्रामाणिकता की जांच पटरी विक्रय गतिविधियों के साक्ष्यों से की जाएगी। इन साक्ष्यों में त्यौहार विक्रय रसीदें, टोकन, चालान, ट्रैफिक पुलिस चालान/पुलिस चालान या जुर्माने अथवा शुल्कों की अन्य रसीदें, पंजीकृत आरडब्ल्यूएज, बाजार संगठनों के प्रमाणपत्र शामिल हैं। इस बारे में प्रदत्त दस्तावेजी साक्ष्यों की ध्यानपूर्वक और आद्योपांत जांच की जानी चाहिए।

(1.1.14) पंजीकरण फार्म में सही जानकारी उपलब्ध कराने का दायित्व मुख्य रूप से आवेदक का होगा। अगर यह पाया गया कि आवेदक ने कोई असत्य, गलत या गुमराह करने वाली जानकारी प्रदान की है, तो उसका पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा और उसके खिलाफ धोखाधड़ी/जालसाजी के लिए मुकदमा चलाया जाएगा।

(1.1.15) आवेदन प्राप्त होने पर, संबद्ध स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त टीवीसी पटरी विक्रेता को इस आशय की पावती रसीद जारी करेगी कि उसने **अनुलग्नक 'क'** मे वर्णित अनुसार स्थानीय निकाय के साथ पंजीकरण करा लिया है। आवेदन प्रपत्र पर दर्ज कम्प्यूटर सृजित विशिष्ट आईडी और बार कोड का उल्लेख पावती पत्रक पर भी किया जाएगा। सर्वेक्षण के लिए स्थानीय निकाय द्वारा निर्दिष्ट समय अवधि समाप्त हो जाने के बाद कोई आवेदन प्राप्त नहीं किया जाएगा। भलीभांति भरे गए सभी सर्वेक्षण फार्मों/पंजीकरण आवेदन प्रपत्रों का कम्प्यूटरीकृत और डिजिटीकृत रिकार्ड रखा जाएगा।

(1.1.16) सर्वेक्षण के दौरान आवेदन जमा कराए जाने से नियमित पंजीकरण की गारंटी नहीं मिल जाएगी। पंजीकरण का निर्धारण पात्रता और आवेदक द्वारा जमा कराए गए दस्तावेज की जांच के आधार पर अलग से किया जाएगा।

(1.1.17) पटरी विक्रेता/विक्रेताओं के पंजीकरण के 30 दिन के भीतर स्थानीय निकाय अपनी वेबसाइट पर जानकारी प्रकाशित करेगा। जिन आवेदकों का पंजीकरण नहीं किया गया है उन्हें, पंजीकरण न होने के कारणों सहित तदनुसार सूचित किया जाएगा और सम्बन्धित टीवीसी के माध्यम से दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने का एक अवसर दिया जाएगा। यह जानकारी सर्च–सुविधा सहित प्रयोक्ता अनुकूल पद्धति से उपलब्ध कराई जाएगी।

(1.1.18) यदि किसी व्यक्ति को किसी पटरी विक्रेता के आवेदन पत्र में या किसी आवेदक द्वारा दी गई जानकारी के बारे में कोई दावा/आपत्ति हो तो वह, उस जानकारी के स्थानीय निकाय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अपना दावा/आपत्ति दर्ज कर सकता है। स्थानीय निकाय भी अपने अधिकारी/स्टाफ के माध्यम से या किसी अन्य प्रकार से पटरी विक्रेता द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी की जांच कर सकता है। उसके द्वारा दिये गए विवरण को भी सत्यापित कर सकता है। टीवीसी स्थानीय निकाय से आपत्ति/दावे प्राप्त होने या कोई प्रतिकूल जानकारी प्राप्त होने के उपरांत ..... दिन की अवधि के भीतर ऐसे मामले में कोई निर्णय करेगा।

(1.1.19) स्थानीय निकाय दावे/आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए फार्म, शुल्क तथा धरोहर राशि निर्धारित कर सकता है, जो प्रत्येक आवेदन के लिए 100 रुपये से अधिक नहीं होगी और बैंक ड्राफ्ट या चालान रसीद या नकद भुगतान रसीद, जैसी भी स्थिति हो, के माध्यम से अदा की जायेगी।

(1.1.20) पंजीकरण होने मात्र से किसी पटरी विक्रेता को पटरी लगाने या फेरी लगाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जायेगा। पटरी लगाने/फेरी लगाने का अनुमतिपत्र/प्रमाणपत्र, पटरी विक्रेता समिति द्वारा स्थानीय निकाय के साथ परामर्श करके जारी किया जायेगा, जो कार्यक्रम, मानदंड, योजना और क्षेत्र में स्थान/स्थल/धारण क्षमता की उपलब्धता के अधीन होगा।

1.2 **सर्वेक्षण के अन्तर्गत पता लगाए गए पटरी विक्रेताओं को पटरी विक्रेता प्रमाण–पत्र जारी करने की समय–सीमा :**

1.2.1 इस कार्यक्रम के प्रावधानों, मानकों, योजना और क्षेत्र के भीतर स्थान/स्थल की उपलब्धता और धारण करने की क्षमता के अधीन सर्वेक्षण पूरा होने के बाद तीन माह की अवधि में पटरी विक्रेता प्रमाणपत्र (सीओवी) जारी किया जाएगा।

अध्याय–2

2.1 **पटरी विक्रेताओं और ऐसे व्यक्तियों, जो दो सर्वेक्षणों के बीच की अवधि में पटरी लगाने के इच्छुक हों, को पटरी विक्रेता प्रमाण निम्नांकित नियमों एवं शर्तों के अधीन जारी किए जाएंगे :**

2.1.1 पैरा 1.1.12 में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने पर पटरी विक्रेता प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा :–

2.1.2 पटरी विक्रेता प्रमाण पत्र केवल पंजीकृत पटरी विक्रेता के नाम (व्यक्तिगत) जारी किया जाएगा और यह पंजीकृत पटरी विक्रेता की निःशक्तता, विक्षिप्तता और मृत्यु की स्थिति को छोड़कर, अहस्तान्तरणीय होगा।

2.1.3 पटरी/फेरी लगाने के समय का निर्धारण नगर पटरी विक्रेता समिति (टीवीसी) द्वारा समय–समय पर क्षेत्र/जोन के लिए अधिसूचना जारी करके किया जायेगा।

2.1.4 स्थल पर किसी प्रकार के अस्थाई/स्थाई ढांचे/निर्माण की अनुमति नहीं होगी। वह अपना सारा सामान निश्चित स्थान के भीतर रखेगा/रखेगी। पटरी स्थल पर किसी प्रकार के उभार, फैलाव और विस्तार की अनुमति नहीं होगी। परन्तु, पटरी विक्रेता ऐसे छाते/शेड का प्रयोग कर सकते हैं, जो स्थाई रूप से भूमि या दीवार के साथ सटे हुए न हों।

2.1.5 *पंजीकृत पटरी विक्रेता इस आशय की वचनबद्धता/प्रतिज्ञा करेगा कि :*

(क) वह स्वयं या अपने पत्नी/पति या आश्रित बच्चों के माध्यम से पटरी विक्रय का कारोबार करेगा/करेगी;

(ख) उसकी आजीविका का कोई और साधन नहीं है;

(ग) वह किराए/पट्टे सहित किसी भी तरह से, पटरी विक्रेता प्रमाण–पत्र या इसमें विनिर्दिष्ट स्थान का हस्तान्तरण किसी अन्य व्यक्ति को नहीं करेगा/करेगी;

(घ) वह किसी संक्रामक रोग से पीड़ित नहीं है;

(ङ) वह विक्रय स्थल/क्षेत्र और आसपास के स्थान पर सफाई एवं सार्वजनिक स्वच्छता बनाए रखेगा/रखेगी;

(च) वह विक्रय क्षेत्र में समय–समय पर स्थानीय निकाय द्वारा टीवीसी से सलाह के बाद या सरकार द्वारा निर्धारित बुनियादी नागरिक सुख–सुविधाओं के आवधिक प्रभारों का भुगतान करेगा/करेगी ; और

(छ) गैर पटरी विक्रय क्षेत्र में या पटरी क्षेत्र में स्वीकार्य दिनों या समय के अतिरिक्त कोई कारोबार नहीं करेगा।

2.1.6 पंजीकृत पटरी विक्रेता, जिसे पटरी विक्रेता प्रमाण पत्र जारी किया गया हो, को इस कार्यक्रम के अंतर्गत खंड 4.1.3 में उल्लिखित अनुसार मासिक विक्रय शुल्क अदा करना होगा, जो समय समय पर निर्दिष्ट विक्रय क्षेत्र और उसके रख–रखाव प्रभारों के अनुसार स्थानीय निकाय द्वारा (टीवीसी से सलाह मशविरा करने के बाद) बढ़ाया/पुनः निर्धारित किया जा सकता है। विक्रय क्षेत्र के लिए निर्धारित शुल्क और रख–रखाव प्रभार हर तीन वर्ष के बाद कम से कम 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ संशोधित किए जाएंगे।

2.1.7 पटरी विक्रेता प्रत्येक माह की 10 तारीख तक या स्थानीय निकाय द्वारा निर्दिष्ट समय अनुसार निर्धारित शुल्क का भुगतान करेगा। शुल्क भुगतान में विलम्ब होने पर वह कार्यक्रम में विनिर्दिष्ट अर्थदण्ड या समय–समय पर स्थानीय प्राधिकरण द्वारा यथानिर्णीत अर्थदण्ड देने का/की भागी होगा/होगी।

2.1.8 किसी भी कारण से, किसी निर्दिष्ट अवधि के दौरान विक्रय में अक्षमता विक्रय के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क का भुगतान न करने अथवा भुगतान से छूट की अनुमति देने का आधार नहीं होगी।

2.1.9 पटरी विक्रेता, विक्रय प्रमाणपत्र को किराए पर देने सहित किसी भी तरह से किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं कर सकेगा। पंजीकरण प्रमाणपत्र/सीओवी किसी भी तरह से किसी अन्य व्यक्ति को पट्टे पर/किराए पर देने अथवा बेचने की अनुमति नहीं होगी।

2.1.10 जनहित का प्रश्न उठने पर सीओवी धारक किसी पटरी विक्रेता को प्रतिबंधित, हटाने और पुनः स्थापित करने का अधिकार टीवीसी को होगा। जनहित में आवश्यक होने पर नोटिस जारी होने के बाद पटरी विक्रेता को विक्रय स्थल तत्काल खाली करना होगा।

2.1.11 स्वास्थ्य या अन्य कारणों से लाइसेंसधारक के अक्षम होने की सूचना 30 दिन के भीतर टीवीसी को देनी होगी, जो पटरी विक्रेता के परिवार के किसी वयस्क सदस्य [पति/पत्नी या आश्रित संतान, जिसने पटरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण और पटरी विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के प्रावधानों में निर्धारित अनुसार आयु प्राप्त कर ली हो], जिसका उल्लेख आवेदन प्रपत्र में किया गया हो, को सीओवी में निर्दिष्ट विक्रय स्थल पर विक्रय करने की अनुमति दे सकती है।

2.1.12 पंजीकृत पटरी विक्रेता जिसकी आयु 18 वर्ष से कम है, की मृत्यु अथवा अक्षम होने की स्थिति में, उसका/उसके कानूनी वारिस अथवा जीवित माता–पिता, सीओवी को पंजीकरण को कानूनी वारिस के नाम अंतरित करने का आवेदन टीवीसी को दे सकता/सकते हैं, बशर्ते उसकी/उनकी जीविका का कोई अन्य साधन न हो। अंतरण की अनुमति देने की स्थिति में सीओवी की समापन की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

2.1.13 ऐसा पटरी विक्रेता, जिसे पहले से किसी प्रकार का विक्रय लाइसेंस दिया गया हो, और उसने विक्रय स्थल पर कोई स्थाई या अस्थाई ढांचा खड़ा कर लिया हो, इस कार्यक्रम के अंतर्गत विक्रय प्रमाणपत्र जारी किए जाने का पात्र तब तक नहीं होगा/होगी, जब तक वह विक्रय स्थल पर खड़े किए गए अस्थाई/स्थाई ढांचे को पूरी तरह हटा/गिरा नहीं देता/देती।

2.1.14 पटरी विक्रेता सीओवी की एक प्रति पटरी स्थल पर रखेगा और टीवीसी द्वारा मांगे जाने पर मूल दस्तावेज प्रस्तुत करेगा।

2.1.15 पटरी विक्रेता विक्रयस्थल और आसपास के स्थान को स्वच्छ रखेगा/रखेगी। वह अपने विक्रय स्थल के करीब कचरे का डिब्बा रखेगा/रखेगी ताकि उसके ग्राहक और अन्य लोग उसमें कचरा डाल सकें। वह समय समय पर कचरे के डिब्बे को स्थानीय निकाय द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर खाली करेगा।

2.1.16 पटरी विक्रेता विक्रय क्षेत्र/विक्रेता बाजार और आसपास के स्थान पर जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का पूरा ध्यान रखेगा/रखेगी। वह विक्रय क्षेत्र/स्थल से कचरे के सामूहिक निपटान को प्रोत्साहित करने में योगदान करेगा/करेगी। पटरी विक्रेता नाली, सड़क के किनारे, खुले क्षेत्रों या किसी अन्य अनधिकृत स्थान पर कचरा नहीं डालेगा।

2.1.17 पटरी विक्रेता सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करेगा और स्वीकार्य सीमाओं से आगे नहीं बढ़ेगा। विक्रय स्थल का आकार 6 x 4 फुट होगा और स्टाल की ऊंचाई 3 फुट से अधिक नहीं होगी। पटरी विक्रेता के सिर पर कोई छत नही होगी और उसे किसी प्रकार का स्थाई या अस्थाई ढांचा बनाने की अनुमति नहीं होगी। विक्रेता अपने साज–सामान को आवंटित स्थल के भीतर सीमित रखेगा। पटरी स्थल पर किसी प्रकार के उभार, फैलाव और विस्तार की अनुमति नहीं होगी।

2.1.18 पटरी विक्रेता पैदल चलने वालों और यातायात में किसी प्रकार की रुकावट नहीं बनेगा/बनेगी। विक्रेता सड़क/गली (यदि किसी गली में विक्रय कर रहा/रही हो) के किनारे से कार्य संचालन करेगा और यातायात अथवा पैदल चलने

वालों अथवा गैर–मोटरकृत वाहनों के सुचारू आवागमन में किसी प्रकार की रुकावट नहीं डालेगा। वह सुनिश्चित करेगा/करेगी कि उसके ग्राहक उसके विक्रय स्थल के पास अनधिकृत ढंग से वाहन खड़े न करें।

2.1.19 पटरी विक्रेता आपत्तिजनक, जोखिमपूर्ण और प्रदूषित वस्तुएं नहीं बेचेगा/बेचेगी वह निश्चित करेगो कि बेची जा रही वस्तुओं की गुणवत्ता एवं जनसाधारण को दी गई सेवाओं का मानक जन–स्वास्थ्य , सुरक्षा एवं सफाई के मानकों के अनुसार है।

2.1.20 पटरी विक्रेता कोई अनधिकृत/अवैध गतिविधि संचालित नहीं करेगा।

2.1.21 पटरी विक्रेता किसी ऐसे स्थान का इस्तेमाल या घेराव नहीं करेगा, जो पटरी विक्रय के लिए प्रतिबंधित हो। चलते फिरते विक्रेता अपने फेरी क्षेत्र/विक्रय क्षेत्र के भीतर किसी एक स्थान पर 30 मिनट से अधिक अवधि के लिए नहीं रुकेगा/रुकेगी। विक्रेता गैर–विक्रय क्षेत्र में नहीं रुकेगा/रुकेगी या विक्रय नहीं करेगा/करेगी।

2.1.22 विक्रयकर्ता फुटपाथ पर रुकावट नहीं डालेगा अथवा सड़कों पर बिक्री नहीं करेगा। विक्रय काउंटरों/स्टालों के सामने फुटपाथ पर 2 मीटर का आने जाने का रास्ता बनाए रखा जाना चाहिए।

2.1.23 गलत या धोखाधड़ीपूर्ण जानकारी देकर प्राप्त सीओवी अथवा अधिनियम/नियमों/कार्यक्रम में वर्णित किसी शर्त का उल्लंघन होने की स्थिति में सीओवी रद्द कर दिया जाएगा।

2.1.24 लगातार छः महीने तक निर्धारित लाइसेंस शुल्क का मुगतान न करने की स्थिति में सीओवी रद्द कर दिया जाएगा। लाइसेंस शुल्क का मुगतान करने में लगातार दो महीने चूक होने की स्थिति में किसी प्रकार के विक्रय की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2.1.25 विक्रय करने की अनुमति रद्द/समाप्त होने की स्थिति में, पटरी विक्रेता शांतिपूर्वक स्थान खाली करेगा और विक्रय स्थल का कब्जा तत्काल स्थानीय प्राधिकारी को सौंप देगा।

अध्याय–3

3.1 किसी पटरी विक्रेता को विक्रय प्रमाणपत्र जारी किए जाने का स्वरूप एवं पद्धति

(3.1.1) पटरी विक्रेता को विक्रय प्रमाणपत्र **अनुलग्नक 'ख'** में दिए गए फार्म में जारी किया जाएगा।

(3.1.2) पटरी विक्रेता को सीओवी पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन में घोषित किए गए उसके आवासीय पते पर भेजा जाएगा। व्यक्ति को सीओवी पंजीकरण प्रमाण पत्र को वेबसाइट से प्रतिलिपि का प्रिंट निकालने का विकल्प भी दिया जायेगा।

3.2 पटरी विक्रेताओं को पहचानपत्र जारी करने का स्वरूप और पद्धति

(3.2.1) पात्र व्यक्तियों, जिन्हें विक्रय प्रमाणपत्र (सीओवी) जारी किया गया हो, को पहचानपत्र अथवा उसके समान बायोमीट्रिक–स्मॉर्टकार्ड जारी किया जाएगा, जिसमें विशिष्ट आईडी, बारकोड, पंजीकरण की तारीख, विक्रेता का नाम, पता, विक्रेता की श्रेणी, विक्रेता का फोटोग्राफ, व्यापार का स्वरूप, नामित व्यक्ति का नाम, आश्रित बच्चे, विक्रय स्थान आदि जानकारी होगी, **अनुलग्नक 'ग'** में दिए गए प्रारूप में जारी किया जाएगा।

(3.2.2) पहचानपत्र/बायोमीट्रिक स्मॉर्टकार्ड खो जाने/क्षतिग्रस्त होने की जानकारी विक्रेता द्वारा 30 दिन के भीतर टीवीसी को दी जानी चाहिए। विक्रेता डुप्लीकेट पहचानपत्र/स्मॉर्टकार्ड जारी करने के लिए रुपये 200/– के शुल्क के साथ टीवीसी को आवेदन करेगा और ऐसा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन के भीतर विक्रेता को डुप्लीकेट पहचानपत्र/स्मॉर्टकार्ड जारी किया जाएगा। पहचानपत्र क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में भी समान शर्तें लागू होंगी। पहचानपत्र खो जाने की रिपोर्ट स्थानीय पुलिस को की जानी चाहिए। क्षतिग्रस्त पहचानपत्र डुप्लीकेट पहचानपत्र जारी करने के आवेदन के साथ स्थानीय प्राधिकारी के पास जमा कराया जाना चाहिए।

(3.2.3) सर्वेक्षण के दौरान वर्तमान और स्थाई पते से संबंधित मूल दस्तावेज की भी जांच की जा सकती है।

(3.2.4) सभी पंजीकृत पटरी विक्रेताओं का एक डेटाबेस स्थानीय निकायों द्वारा रखा जाएगा। इससे किसी पटरी विक्रेता के ब्यौरे की जांच अन्य स्थानीय निकायों के डेटाबेस से करने में मदद मिलेगी ताकि विक्रय के दावों में किसी प्रकार के दोहरेपन और इस बात का पता लगाया जा सकेगा कि कोई व्यक्ति पहले से किसी लाभार्थी कार्यक्रम/सर्वेक्षण में तो शामिल नहीं रहा/रही है।

3.3 पटरी **विक्रेताओं को विक्रय प्रमाणपत्र जारी करने के लिए मानदंड :**

3.3.1 किसी पंजीकृत पटरी विक्रेता को किसी स्थानीय निकाय द्वारा विक्रय प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा, बशर्ते उसके लिए किसी अन्य स्थानीय निकाय से ऐसा प्रमाणपत्र जारी न किया गया हो।

3.3.2 पटरी स्थल का आवंटन पटरी विक्रय ज़ोन के प्रतिबन्ध मुक्त सीमांकन/प्रतिबन्धित क्षेत्र/गैर–विक्रय क्षेत्र, टाइम शेरिंग आधार पर उपलब्ध रिक्तियों और धारण क्षमता के अधीन होगा।

3.3.3 यदि आवेदकों की संख्या विक्रय स्थलों/स्थानों की संख्या से अधिक होगी, तो आवंटन ड्रा आफ लॉट्स/कम्प्यूटर द्वारा ड्रा या ऐसी ही किसी अन्य विधि के आधार पर किया जाएगा। पंजीकृत पटरी विक्रेताओं के बीच विक्रय स्थलवार आवंटन भी ड्रा आफ लॉट्स के जरिए किया जाएगा।

ৎ4DG/16-9

3.3.4 विकलांगजनों और महिलाओं को वरीयता (क्रमशः 3 प्रतिशत और एक तिहाई स्थल) दी जाएगी। महिलाओं में विधवाओं को वरीयता दी जाएगी।

3.3.5 नए आवेदकों की तुलना में सर्वेक्षण में पहचान किए गए और पंजीकृत व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी।

3.3.6 जिन विक्रेताओं को उनकी प्रथम पसंद के अनुसार विक्रय प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जा सकेगा, उन्हें उपलब्धता के अधीन, काल–क्रमानुसार उनके अन्य विकल्पों के अनुसार आवंटन करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कोई स्थान जारी न किए जाने से बचा जा सके।

3.3.7 किसी परिवार के एक से अधिक सदस्य (पति–पत्नी और आश्रित बच्चे मिला कर) को विक्रय प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा।

3.3.8 क्षेत्र/पटरी, जहां अस्थाई विक्रय किया जाना हो, वह टाउन वेंडिंग कमेटी द्वारा अस्थाई विक्रय के लिए अनुमोदित/अधिसूचित होना चाहिए।

3.3.9 पटरी विक्रय क्षेत्र का सीमांकन, प्रतिबंधित क्षेत्र/विक्रय जोन रहित क्षेत्र का निर्णय स्थानीय निकाय द्वारा टीवीसी से परामर्श के बाद किया जाएगा और फेरी लगाने/विक्रय क्षेत्र की धारण क्षमता की पहचान की जाएगी।

3.3.10 पटरी विक्रेता का पंजीकरण/बिक्री प्रमाणपत्र सर्वेक्षण की तारीख से अधिकतम 9 वर्ष की अवधि तक सीमित होगा।

3.3.11 असफल पात्र आवेदकों की प्रतीक्षा सूची रखी जाएगी ताकि भविष्य में उपलब्ध पटरी विक्रय स्थलों के लिए उन पर विचार किया जा सके।

अध्याय–4

4.1 विक्रय शुल्क का भुगतान पटरी विक्रय की श्रेणी के आधार पर किया जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग अलग हो सकता है.

4.1.1 पटरी विक्रेता विक्रय शुल्क का मासिक आधार पर भुगतान करेगा और प्रत्येक महीने की 10 तारीख से पहले सम्बद्ध जोन/क्षेत्र के सामुदायिक सेवा ब्यूरो काउंटर पर विक्रय शुल्क अग्रिम रूप में जमा कराएगा। यदि महीने की 10 तारीख को कोई सार्वजनिक अवकाश होगा, तो अगले कार्य दिवस को भुगतान की अंतिम तारीख समझा जाएगा।

4.1.2 भुगतान में विलंब के लिए 1 प्रतिशत प्रतिदिन मासिक वेंडिंग शुल्क की दर से (या टीवीसी द्वारा निर्देशित टाउन वेंडिंग जोन के तहत निर्धारित किया जायेगा) दंड प्रभार वसूल किया जाएगा। यदि 6 (छः) महीने से अधिक विलंब होगा, तो एक कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद पटरी विक्रेता का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।

4.1.3 स्थानीय निकाय संपत्ति कर के वर्गीकरण के अनुसार विक्रय क्षेत्र का वर्गीकरण कर सकता है और निम्नांकित अनुसार मासिक विक्रय शुल्क निर्धारित कर सकता है :–

श्रेणी	विक्रय शुल्क (रुपये प्रति माह)			
	अचल विक्रेता	चल विक्रेता		अन्य विक्रेता
श्रेणी				अस्थाई विक्रेता
				(त्यौहार/मेले जैसे अवसर)
		चलते फिरते विक्रेता और साप्ताहिक बाजार विक्रेता	भ्रमणशील विक्रेता	
क	5000	2500	750	2500
ख	4000	2000	750	2000
ग	3000	1500	750	1500
घ	2500	1250	600	1250
ड़	500	750	300	1000
च	400	750	250	750
छ	300	500	200	500
ज	200	300	150	300

4.1.4 विभिन्न श्रेणियों की कालोनियों/क्षेत्रों में प्रचालित विक्रेता को स्थानीय निकाय द्वारा निर्धारित श्रेणी के अनुसार शुल्क अदा करना होगा।

4.1.5 पुनर्स्थापन के मामले में, पटरी विक्रेता सीओवी की वैधता की शेष अवधि के लिए नए स्थल/स्थान की कालोनी की श्रेणी के अनुसार लाइसेंस शुल्क अदा करेगा।

4.1.6 टीवीसी को समय समय पर विक्रय शुल्क बढ़ाने के अधिकार होंगे; अथवा विशेष क्षेत्रों के लिए विशेष विक्रय शुल्क निर्धारित करने के अधिकार होंगे, जो सरकार की पूर्व मंजूरी के बाद अधिसूचित किए जाएंगे। खंड 4.1.3 में निर्धारित विक्रेता की श्रेणी की ऊपरी सीमा बढ़ाने के लिए सरकार की पूर्व अनुमति अपेक्षित होगी।

4.1.7 विकलांगजन और महिला विक्रेताओं के मामले में 25 प्रतिशत छूट की अनुमति होगी।

4.1.8 विक्रेता शुल्क की बकाया राशि की वसूली : यदि कोई पटरी विक्रेता निर्धारित तारीख तक विक्रय शुल्क अदा करने में विफल रहता है, तो टीवीसी निम्नांकित प्रक्रिया के अनुसार विक्रय शुल्क की वसूली के लिए कार्रवाई शुरू कर सकती है।

(क) सम्बद्ध टीवीसी द्वारा निर्दिष्ट अधिकारी/टीवीसी पटरी विक्रेता को नोटिस जारी करके विलंब प्रभार सहित बकाया विक्रेता शुल्क का भुगतान नोटिस में निर्दिष्ट तारीख तक करने अथवा भुगतान में विफलता का उचित कारण बताने की मांग करेगा।

(ख) यदि विक्रेता भुगतान में विफलता के लिए उचित कारण बताता है, तो टीवीसी संक्षेप में कारण की जांच करेगी और स्थानीय निकाय को सूचना देते हुए तदनुरूप कार्रवाई करेगी।

(ग) टीवीसी की कार्रवाई में अन्य बातों के अलावा निम्नांकित शामिल होंगी : सामान/बर्तन और अन्य वस्तुएं जब्त करना, जब्त की गई वस्तुओं (यदि कोई हों), को छोडना; पंजीकरण रद्द करने की कार्रवाई शुरू करना आदि।

4.2. **बैंकों के जरिए, स्थानीय प्राधिकरणों के काउंटरों और टीवीसी के काउंटरों पर विक्रय शुल्क, रख–रखाव प्रभार और पंजीकरण के लिए जुर्माना वसूल करने, चलते फिरते स्टालों के लिए पार्किंग स्थल का उपयोग और नागरिक सेवाओं का लाभ उठाने का तरीका :**

4.2.1 बैंकों को शुल्क वसूल करने के लिए निर्दिष्ट किया जा सकता है, जो बाद में उसे स्थानीय निकाय में जमा कर सकते हैं।

4.2.2 विक्रय शुल्क का भुगतान स्थानीय निकाय में निर्दिष्ट स्थानों पर भी किया जा सकता है।

4.2.3 स्थानीय निकाय आवश्यकता अनुसार वैकल्पिक प्रबंध कर सकता है।

4.3 **विक्रय प्रमाणपत्र की वैधता अवधि :**

4.3.1 विक्रय प्रमाणपत्र की वैधता अवधि शुरू में इसके जारी करने की तारीख से 3 वर्ष की होगी। उसके बाद हर तीन वर्ष में उसका नवीकरण किया जाएगा। विक्रय प्रमाणपत्र की वैधता की कुल अवधि 9 वर्ष होगी, जिसमें नवीकरण अवधियां शामिल मानी जाएंगी, बशर्ते अधिनियम/कार्यक्रम के नियमों के प्रावधानों का कोई उल्लंघन न हुआ हो। कानूनी वारिसों को विक्रय प्रमाणपत्र का अंतरण नया विक्रय प्रमाणपत्र नहीं समझा जाएगा और अधिकतम वैधता मूल विक्रेता को जारी किए जाने की तारीख से 9 वर्ष ही रहेगी।

4.4 **विक्रय प्रमाणपत्र के नवीकरण की अवधि और तरीका तथा नवीकरण के लिए शुल्क :**

4.4.1 विक्रय प्रमाणपत्र जारी करने की प्रारंभिक तारीख से 3 वर्ष की अवधि हेतु नवीकृत किया जाएगा। नवीकृत अवधि सहित लाइसेंस की वैधता की कुल अवधि 9 वर्ष होगी।

4.4.2 पंजीकृत पटरी विक्रेता को विक्रय प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए उसकी समाप्ति तारीख से कम से कम 3 महीने पहले टीवीसी/स्थानीय निकाय में आवेदन करना होगा।

4.4.3 टीवीसी/स्थानीय निकाय का निर्दिष्ट अधिकारी नवीकरण के लिए विक्रय प्रमाणपत्र प्राप्त करेगा और उसकी पावती रसीद विक्रेता को देगा।

4.4.4 नोडल/निर्दिष्ट अधिकारी द्वारा विक्रय प्रमाणपत्र पर प्रविष्टि के जरिए नवीकरण किया जाएगा और नवीकृत विक्रय प्रमाणपत्र विक्रेता को व्यक्तिगत तौर पर हाथों–हाथ सौंप दिया जाएगा अथवा आवेदन प्रपत्र में वर्णित उसके आवासीय पते पर डिस्पैच कर दिया जाएगा।

4.4.5 पटरी विक्रेता द्वारा देय नवीकरण शुल्क जो कि निर्धारित जोन की मासिक शुल्क एक चौथाई हिस्सा होगा (25 प्रतिशत), नवीकरण का आवेदन जमा कराने के समय देय होगी।

4.4.6 स्थाई अचल स्थल/चलते फिरते विक्रेता के लिए जारी विक्रय प्रमाणपत्र का नवीकरण एक बार में 3 वर्ष के लिए किया जाएगा।

4.4.7 यदि किसी व्यक्ति को किसी पटरी विक्रेता के नवीकरण संबंधी आवेदन पत्र में या किसी आवेदक द्वारा दी गई जानकारी के बारे में कोई दावा/आपत्ति हो तो वह, आवेदन पर सीओवी जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर अपना दावा/आपत्ति टीवीसी के साथ दर्ज कर सकता है। नगर पटरी विक्रय समिति (टीवीसी) भी अपने स्टाफ के माध्यम से या किसी अन्य प्रकार से ऊपर वर्णित दावे/आपत्तियां प्राप्त होने के समय किसी आवेदन की जांच करा सकती है और विक्रय प्रमाणपत्र को नवीकृत करने से पहले उपरोक्त दावों/आपत्तियों को ध्यान में रखा जाएगा।

अध्याय–5

5.1 विक्रय प्रमाणपत्र निलंबित या रद्द किया जाने का तरीका

5.1.1 निर्दिष्ट अधिकारी (नगर पटरी विक्रेता समिति द्वारा निर्दिष्ट) अन्य आधारों के अलावा निम्नांकित स्थितियों में विक्रय प्रमाणपत्र (सीओवी) को निलंबित या रद्द कर सकता है :–

I. पटरी विक्रेता स्थल का अनधिकृत रूप से परिवर्तन ;

II. देनदारियों का भुगतान न करना ;

III. संक्रामक रोग से पीड़ित पाए गए पटरी विक्रेता जोकि निर्धारित स्वास्थ्य निकाय द्वारा प्रमाण पत्र देने में असमर्थ है जो कि दर्शाए की वह ईलाइज ले रहा है और जोखिम से परे है ;

IV. पटरी विक्रेता प्रमाण पत्र प्रदान करने की शर्तों का उल्लंघन ;

V. आवंटित स्थल का पटरी विक्रेता द्वारा विस्तार करना ;

VI. पड़ोसियों के प्रति उदंड व्यवहार और परेशानी पैदा करना ;

VII. पटरी विक्रेता प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र में मिथ्या कथन ; और

VIII. नैतिक पतन और अन्य शर्तों के उल्लंघन सहित किसी अपराध की दोषसिद्धि /

5.1.2 निलंबन या रद्द करने की प्रक्रिया टीवीसी द्वारा संचालित की जाएगी।

5.1.3 इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत और विक्रय प्रमाणपत्र धारक पटरी विक्रेता यदि पंजीकरण और/या विक्रय प्रमाणपत्र की किन्हीं शर्तों अथवा अधिनियम के अंतर्गत पटरी विक्रय नियमन के प्रयोजन के लिए निर्दिष्ट अन्य शर्तों का उल्लंघन करता है, अथवा अगर यह प्रकाश में आता है कि पटरी विक्रेता द्वारा पंजीकरण और/या विक्रय प्रमाणपत्र गलत बयानी या धोखाधड़ी से हासिल किया गया है, अथवा उसने तीन महीने से अधिक समय से विक्रय शुल्क अदा नहीं किया है, अथवा वह नैतिक पतन सहित किसी आपराधिक मामले में दोषी पाया गया है, तो पटरी विक्रेता नगर समिति (टीवीसी) विक्रय प्रमाणपत्र रद्द करने से पहले प्रारंभिक जांच करेगी।

5.1.4 टीवीसी प्रारंभिक जांच के दौरान पटरी विक्रेता को अपना पक्ष रखने का एक अवसर प्रदान करेगी।

5.1.5 प्रारंभिक जांच की कार्रवाई समरी किस्म की होगी। प्रारंभिक जांच के बाद अगर यह पाया गया कि प्रथम दृष्टया उल्लंघन, गलत बयानी, धोखाधड़ी और कार्य शर्तें भंग होने का मामला बनता है, तो निर्दिष्ट अधिकारी पटरी विक्रेता का पंजीकरण और विक्रय प्रमाणपत्र निलंबित या रद्द कर सकता है और इसकी रिपोर्ट टीवीसी को भेज सकता है।

5.1.6 टीवीसी निर्दिष्ट अधिकारी की रिपोर्ट पर विचार करेगी और, पटरी विक्रेता को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद, उसका पंजीकरण और विक्रय प्रमाणपत्र निरस्त/निलंबित या अन्य कोई कदम उठाने का निर्णय करेगी।

5.1.7 छिटपुट उल्लंघन के मामले में, टीवीसी रु. 2000/– तक जुर्माना कर सकती है और विक्रय प्रमाणपत्र रद्द करने की बजाय चेतावनी जारी कर सकती है अथवा ऐसे उल्लंघनों को विनियमित करने के लिए एक निर्दिष्ट अवधि हेतु विक्रय प्रमाणपत्र को स्थगित कर सकती है।

अध्याय–6

6.1 पटरी विक्रेताओं की श्रेणियां

6.1.1 विक्रेताओं की निम्नांकित विषय श्रेणियां होंगी :

1. अचल/स्थिर विक्रेता
2. चलते फिरते विक्रेता या भ्रमणशील विक्रेता
3. अन्य (दैनिक/साप्ताहिक/त्यौहार/मेला बाजार/अस्थाई आदि, स्थानीय निकाय द्वारा जिस भी श्रेणी में रखा जाए)।

6.1.2 अचल पटरी विक्रेता का अर्थ है, जो विक्रय स्थल पर बिना किसी नियत ढांचे (अस्थाई या स्थाई) के एकल स्थान/स्थल से दिन भर विक्रय को अंजाम देते हैं।

6.1.3 चलते फिरते या भ्रमणशील विक्रेताओं का अर्थ है, ऐसे विक्रेता, जो पैदल चल कर विक्रय करते हैं। इनमें वे भी शामिल हैं, जो अपने सिर/कंधे पर टोकरी लटकाए सामान बेचते हैं। चलते फिरते विक्रेताओं में वे भी शामिल हैं, जो रेहड़ी, साइकिल या मोटरयुक्त वाहन पर मोबाइल यूनिटों के जरिए सामान या सेवाएं बेचते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाते हैं।

6.1.4 साप्ताहिक बाजार विक्रेताओं का अर्थ है ऐसे विक्रेता जो साप्ताहिक बाजारों में हिस्सा लेते हैं और साप्ताहिक बाजारों में अपना सामान/सेवाएं विक्रय करते हैं।

6.1.5 अस्थाई पटरी विक्रेताओं का अर्थ है, ऐसे विक्रेता जो सामान्यतः पटरी विक्रय नहीं करते हैं, परंतु विशेष अवसरों और सत्रों जैसे त्यौहारों या मेलों में अपना सामान अल्पावधि के लिए पटरी विक्रेताओं के रूप में बेचते हैं।

6.1.6 रात्रि बाजार विक्रेता का अर्थ है, ऐसे विक्रेता जो स्थानीय निकाय द्वारा अधिसूचित अवधि के दौरान रात्रि बाजार में सामान बेचते हैं।

6.1.7 स्थानीय निकाय विक्रेताओं की सेवाओं की मांग को देखते हुए अस्थाई 'विक्रेता बाजारों' जैसे साप्ताहिक हाटों, रेहड़ी बाजारों, रात्रि बाजारों, त्यौहार बाजारों, खानपान गलियों/पटरी भोजन बाजारों के लिए ऐसे उपयुक्त स्थलों पर पर्याप्त स्थान आवंटित करेगा, जिनका इस्तेमाल अन्य समय में भिन्न प्रयोजनों जैसे सार्वजनिक उद्यानों, प्रदर्शनी मैदानों, पार्किंग लॉट आदि के लिए किया जाता है। विक्रय पर समय संबंधी प्रतिबंध इस बात को ध्यान में रख कर लगाए जाएंगे कि सार्वजनिक स्थलों पर भीड़भाड़ न होना/सार्वजनिक स्वच्छता बनाए रखना सुनिश्चित किया जा सके। यदि उपलब्ध स्थान के अनुपात में पटरी विक्रेताओं की संख्या अधिक होगी, तो स्थान की राशनिंग करनी होंगी। निर्धारित शुल्क के साथ रात के समय प्रचुर पार्किंग स्थल भी प्रदान करना होगा, ताकि चलते फिरते विक्रेताओं के वाहनों और साजो सामान के लिए जगह दी जा सके।

6.1.8 कोई विक्रेता एक से अधिक विक्रय श्रेणी के लिए पंजीकरण/विक्रय प्रमाणपत्र जारी कराने का हकदार नहीं होगा।

6.1.9 ऐसे विक्रेताओं को, जो एक नियत पक्के अचल ढांचे (सरकार या प्राइवेट व्यक्ति द्वारा आवंटित) से अपना सामान बेचते हैं, दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम के अंतर्गत दुकान समझा जाएगा। ऐसे विक्रेताओं को पटरी विक्रेता नीति का कोई लाभ नहीं दिया जाएगा, जो ऐसे पक्के अचल ढांचे (अस्थाई या स्थाई), चाहे वह अधिकृत हो या अनधिकृत हो, से सामान बेचते हैं।

6.2 विक्रय प्रमाणपत्र जारी करने के लिए वरीयता में शामिल अन्य व्यक्तियों की श्रेणियां :

विक्रय प्रमाणपत्र जारी करने में निम्नांकित श्रेणियों के व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी

(i) विकलांगजन : सभी श्रेणियों में विक्रय स्थलों का 3 प्रतिशत आवंटन किया जाएगा। उपरोक्त श्रेणी में 3 प्रतिशत के इस वरीयता आवंटन के लिए सक्षम सरकारी चिकित्सा प्राधिकारियों (सम्बद्ध प्रचलित अधिनियम में परिभाषित अनुसार) द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र (फोटोग्राफ सहित) प्रस्तुत करना होगा।

(ii) महिलाएं : सभी श्रेणियों में विक्रय स्थलों के एक तिहाई स्थल महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इस श्रेणी में विधवाओं को वरीयता दी जाएगी।

6.3 जनहित में किसी पटरी विक्रेता को पुनर्स्थापित करने का निर्णय टीवीसी द्वारा किया जाएगा और पटरी विक्रेता के पुनर्स्थापन का तरीका इस प्रकार होगा :

6.3.1 विक्रय प्रमाणपत्र प्राप्त पटरी विक्रेता का पुनर्स्थापन, केवल असाधारण परिस्थितियों और किसी विक्रय जोन या उसके किसी हिस्से को सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए गैर–विक्रय जोन घोषित किए जाने की स्थिति में किया जाएगा। इन प्रयोजनों में किसी जनहित परियोजना का विकास, सुरक्षा संबंधी सरोकार, यातायात की भीड़भाड़, महामारी फैलना और प्राकृतिक आपदा/अन्य स्वास्थ्य कारणों, क्षेत्र की स्वच्छता या कोई अन्य वैध कारण शामिल हैं।

6.3.2 प्रभावित पटरी विक्रेता को यथासंभव, उसी अथवा निकटवर्ती विक्रय जोन में और उसी प्रकार के विक्रय में समायोजित करने के प्रयास किए जाएंगे, जो विक्रय प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट हो, परंतु ऐसा करना वैकल्पिक स्थल पर विक्रय स्थान की उपलब्धता के अधीन होगा।

6.3.3 प्रभावित पटरी विक्रेता को विक्रय प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट स्थान से पुनः स्थापित करने के लिए 30 दिन का नोटिस दिया जाएगा, जो पटरी विक्रेता के पत्राचार के पते पर पंजीकृत डाक से भेजा जाएगा और उसे उसी स्थल पर या निकटवर्ती विक्रय जोन में कम से कम 3 विकल्प दिए जाएंगे। विक्रय प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट विक्रय जोन में यदि समान प्रकार के 3 वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं होंगे, तो प्रभावित पटरी विक्रेता को पटरी विक्रय की अन्य श्रेणियों में विकल्प दिए जाएंगे। यदि समान पुनर्स्थापन स्थल को चुनने वाले विक्रेता एक से अधिक होंगे, तो स्थल के बारे में निर्णय ड्रॉ आफ लॉट्स के जरिए किया जाएगा और दूसरा वैकल्पिक स्थल अन्य विक्रेता को आवंटित कर दिया जाएगा, जिसे अधिनियम की धारा 4(3) के अंतर्गत उपबंधित अनुसार चुना हुआ स्थल प्राप्त नहीं हुआ है।

6.3.4 नोटिस अवधि समाप्त होने पर या उससे पहले, पटरी विक्रेता उपलब्ध विकल्पों में से अपनी पसंद की जानकारी लिखित रूप में टीवीसी को देगा। यदि पटरी विक्रेता अपनी पसंद से अवगत कराने में विफल रहता है, तो टीवीसी नए विक्रय स्थल/स्थान की जांच के बाद उपयुक्त समझे गए स्थल का उल्लेख करते हुए पुनर्स्थापन आदेश जारी करेगी, जिसमें ओवर स्टे और समय पर स्थान खाली न करने के लिए प्रतिदिन रु. 250/– के प्रभार, यदि कोई हो, का भी आदेश होगा।

6.4 पटरी विक्रेता से स्थान खाली कराने का तरीका

6.4.1 ऐसा पटरी विक्रेता जिसका विक्रय प्रमाणपत्र रद्द कर दिया गया हो, अथवा पुनर्स्थापन के मामले में जिसके नोटिस की अवधि समाप्त हो गई हो, अथवा जिसके पास विक्रय प्रमाणपत्र न हो, और वह ऐसे प्रमाणपत्र से रहित विक्रय कर रहा हो, को स्थान खाली करने और वहां विक्रय न करने के लिए 15 दिन का नोटिस दिया जाएगा। यदि ऐसा पटरी

विक्रेता यातायात में रुकावट, कानून व्यवस्था में समस्या और उपद्रव और अस्वास्थ्यकर स्थितियां आदि पैदा कर रहा हो, तो उसे कोई नोटिस देने की आवश्यकता नहीं होगी।

6.4.2 विक्रेता का उत्तर : उसके मौखिक बयान पर विचार किया जाएगा और पटरी विक्रेता के रूप में उससे स्थान खाली कराने या न कराने के बारे में निर्णय किया जाएगा। यदि खाली कराने का निर्णय किया जाता है, तो विक्रेता से कहा जाएगा कि वह 3 दिन के भीतर अपना सामान समेट कर स्थान छोड़ दे। यदि वह स्थान नही छोड़ता/छोड़ती है, तो उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा और एक सूची तैयार की जाएगी, जिसकी प्रति विक्रयकर्ता को स्थल पर ही दे दी जाएगी, ऐसा न हो पाने पर स्पीड पोस्ट से उसके पंजीकृत पते पर भेज दी जाएगी। आवश्यकता अनुसार पुलिस सहायता ली जा सकती है। जब्त किया गया सामान स्थानीय निकाय के भंडार में जमा करा दिया जाएगा और सम्बद्ध व्यक्ति के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क वसूल करने के बाद जारी कर दिया जाएगा।

6.5 पटरी विक्रेता से स्थान खाली कराने के लिए उसे नोटिस देने का तरीका :

6.5.1 खाली कराने का नोटिस स्थानीय भाषा में देने की वरीयता दी जाएगी, जिसे विक्रेता द्वारा आसानी से समझा जा सके और यदि पटरी विक्रेता निरक्षर हो तो नोटिस में वर्णित ज्ञात उल्लंघनों की उसे मौखिक जानकारी दी जाएगी।

6.5.2 यदि विक्रेता नोटिस लेने से इंकार करता है अथवा नोटिस देना व्यावहारिक दृष्टि से संभव नहीं है, तो नोटिस विक्रय स्थल पर ऐसे स्थान पर चिपका दिया जाएगा, जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। ऐसा करने पर यह समझा जाएगा कि नोटिस दे दिया गया है।

6.6 स्थान खाली करने में विफल रहने पर किसी पटरी विक्रेता को भौतिक रूप से हटाने का तरीका:

6.6.1 यदि नोटिस अवधि समाप्त होने के बाद कोई विक्रेता स्थान खाली करने में विफल रहता है, तो रेहड़ी, कंटेनर और स्टैंड सहित उसका सामान, बर्तन और अन्य वस्तुएं जब्त कर ली जाएंगी और हटा दी जाएंगी तथा सार्वजनिक स्थल पर विक्रेता द्वारा बनाया गया ढांचा गिरा दिया जाएगा।

6.6.2 हटाए जाने की कार्रवाई से पहले और बाद में स्थल/स्थान के फोटोग्राफ लिए जाएंगे और तत्संबंधी रिपोर्ट टीवीसी को भेजी जाएगी।

6.7 स्थानीय प्राधिकारी द्वारा वस्तुएं जब्त करने की तैयारी और सूची जारी करने सहित वस्तुओं को जब्त करने का तरीका :

6.7.1 निर्दिष्ट अधिकारी जब्त किए गए सामान/वस्तुओं का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करेगा।

6.7.2 जब्त की गई वस्तुओं की सूची दो प्रतियों में तैयार की जाएगी और सूची की डुप्लीकेट प्रति विक्रेता को जारी की जाएगी। जब्त की गई वस्तुओं की सूची की प्रति में अधिकारी का नाम, उसका पदनाम और कार्यालय का पता तथा उस स्थान के पते का उल्लेख किया जाएगा, जहां से वस्तुओं को पुनः प्राप्त किया जा सकता है। जब्ती ज्ञापन का प्रारूप अनुलग्नक 'घ' में दिया गया है।

6.8 जब्त की गई वस्तुएं पटरी विक्रेता द्वारा पुनः प्राप्त करने और तत्संबंधी शुल्क अदा करने का तरीका :

6.8.1 जब्त की गई वस्तुओं को छुड़वाने के लिए आवेदन, खराब हो जाने वाली वस्तुओं के मामले में उसी दिन प्रस्तुत करने और खराब न होने वाली वस्तुओं के मामले में जब्ती से 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाएगी। इस अवधि के बाद जब्त की गई वस्तुओं से पटरी विक्रेता का अधिकार समाप्त हो जाएगा और स्थानीय निकाय को उन वस्तुओं की बिक्री या नीलामी करने का अधिकार होगा।

6.8.2 खराब हो जाने वाली जब्त वस्तुएं 24 घंटे के भीतर छोड़ी जाएंगी और जब्त न होने वाली वस्तुएं पटरी विक्रेता द्वारा दावा करने के 3 दिन के भीतर छोड़ दी जाएंगी, बशर्ते निर्धारित शुल्क या जुर्माना अदा कर दिया गया हो, जो स्थानीय निकाय के पास जमा कराना होगा। यदि कोई खराब होने वाली/खाद्य वस्तु अस्वास्थ्यकर/नष्ट/गली हुई या मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई जाती है, तो स्थानीय प्राधिकारी द्वारा उसे नष्ट कर दिया जाएगा और दावा करने वाले को कोई मुआवजा अदा नहीं किया जाएगा।

6.8.3 भंडारण प्रभार : जब्त किए गए विक्रय सामान पर भंडारण प्रभार निम्नांकित दरों से लगाए जाएंगे

भंडारण प्रभार (रुपये में)	
100 कि.ग्रा. भार तक (24 घंटे) प्रति दिन	रु. 250/–
100 कि.ग्रा. भार से अधिक (24 घंटे) प्रति दिन	रु. 500/–
साइकिल उठाना	रु. 50/–
स्कूटर/मोटर साइकिल उठाना	रु. 300/–
कार/वैन/जीप उठाना	रु. 500/–
व्यावसायिक वाहन/व्यावसायिक गतिविधियों से सम्बद्ध वाहन हटाना	रु. 3000/–

अध्याय – 7

7.1 **टीवीसी की गतिविधियों की सामाजिक लेखा परीक्षा करने का स्वरूप और तरीका :**

7.1.1 सरकार सामाजिक लेखा परीक्षा को अंजाम देने के लिए एक स्वतंत्र सामाजिक लेखा परीक्षा यूनिट (आईएसएयू) का गठन करेगी। सामाजिक लेखा परीक्षा यूनिट में विशेषज्ञ, विशिष्ट नागरिक, पटरी विक्रेताओं और बाजार असोसिएशनों के प्रतिनिधि तथा आयोजना में अनुभव रखने वाले एवं पटरी विक्रेताओं एवं समाज की बेहतरी के लिए काम करने वाले अन्य व्यवसायी शामिल हो सकते हैं।

7.1.2 सामाजिक लेखा परीक्षा वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य कराई जाएगी। इसका कार्यक्रम स्थानीय निकाय और टीवीसी द्वारा तय किया जाएगा।

7.1.3 टीवीसी सम्बद्ध सूचना का विवरण सामाजिक लेखा परीक्षा की प्रक्रिया प्रारंभ होने से कम से कम एक महीना पहले प्रदान करेगी। दी जाने वाली जानकारी में निम्नांकित बातें शामिल होंगी :

क. पटरी विक्रेताओं के लिए योजना और कार्यक्रम;

ख. पटरी विक्रेता चार्टर;

ग. अधिनियम, नियमों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की स्थिति;

घ. सरकार और स्थानीय निकायों को भेजे गए विवरण;

ङ. टीवीसी द्वारा लेखा परीक्षा अवधि के दौरान संचालित की गई बैठकों में पारित प्रस्ताव और कार्यवृत्तों का रिकार्ड;

च. पंजीकृत एवं विक्रय प्रमाणपत्र प्राप्त पटरी विक्रेताओं का रिकार्ड;

छ. उन व्यक्तियों का ब्यौरा जिन्हें पंजीकरण नहीं दिया गया और पटरी विक्रेताओं की प्रतीक्षा सूची में रखा गया;

ज. स्थानीय प्राधिकारी के समक्ष दाखिल की गई अपीलों का रिकार्ड;

झ. विवाद निवारण समिति के समक्ष लाई गई सभी शिकायतों/विवादों का रिकार्ड;

ञ वर्ष विशेष में, पटरी विक्रेताओं के पुनर्स्थापन और हटाने तथा उनकी वस्तुएं जब्त किए जाने के मामलों की कुल संख्या और अन्य विवरण ;

ट प्रतिबंध मुक्त/प्रतिबंधित/विक्रय निषेध/टाइम शेयरिंग आधार वाले जोनों की सूची;

ठ लेखा परीक्षा अवधि के दौरान जोड़े गए विक्रय जोन और बाजार; और

ड पिछली सामाजिक लेखा परीक्षा रिपोर्टें (यदि कोई हों)?

7.1.4 सामाजिक लेखा परीक्षा यूनिट अधिनियम, योजना और कार्यक्रम के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर पटरी विक्रेताओं के साथ बैठकों और संकेंद्रित समूह वार्तालापों का आयोजन करेगी। सामाजिक लेखा परीक्षा यूनिट पटरी विक्रेताओं की कठिनाइयों के बारे में लिखित शिकायतें रिकार्ड करेगी। सामाजिक लेखा परीक्षा प्रक्रिया संपन्न होने पर सामाजिक लेखा परीक्ष यूनिट उसके निष्कर्ष को लिखित रूप में दर्ज करेगी।

7.1.5 सामाजिक लेखा परीक्षा यूनिट एक सार्वजनिक सभा आयोजित करेगी, जिसमें टीवीसी के सदस्य और स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि मौजूद होंगे और पटरी विक्रेता भी भाग लेंगे। सामाजिक लेखा परीक्षा यूनिट इस बैठक में अपने निष्कर्ष पढ़ कर सुनाएगी। पटरी विक्रेताओं को प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और टीवीसी सामाजिक लेखा परीक्षा के दौरान पहचान किए गए प्रत्येक मुद्दे के बारे में प्रभावित पक्ष और जनता के समक्ष सफाई और/या स्पष्टीकरण देगी कि कोई कार्रवाई क्यों की गई या क्यों नहीं की गई।

7.1.6 स्थानीय निकाय सार्वजनिक सूचना के जरिए सामाजिक लेखा परीक्षा संबंधी सार्वजनिक सभा का समुचित नोटिस देगी।

7.1.7 सामाजिक लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए बजट स्थानीय निकाय द्वारा आवंटित किया जाएगा।

7.2 **टीवीसी, स्थानीय निकाय, आयोजना प्राधिकारी और राज्य टीवीसी द्वारा पटरी विक्रेताओं के बारे में समुचित रिकार्ड और अन्य दस्तावेज रखे जाने का तरीका :**

7.2.1 नगर विक्रय समिति (टीवीसी) द्वारा निम्नांकित अद्यतन रिकार्ड इलेक्ट्रोनिक रूप में अथवा हस्तलिखित अथवा दोनों रूपों में रखे जाएंगे :

(i) पटरी विक्रेता रजिस्टर;

(ii) जारी किए गए सीओवी (ब्यौरे सहित);

(iii) पटरी विक्रेताओं की प्रतीक्षा सूची -- जिन्हें सीओवी जारी नहीं किया गया;

(iv) धारण क्षमता सहित सभी विक्रय क्षेत्रों की सूची;

(v) उपलब्ध स्थल/स्थान (स्थानीय निकाय/विक्रय क्षेत्रवार);

(vi) बैठक के रिकार्ड और कार्यवृत्त;

(vii) टीवीसी के प्रस्ताव;

(viii) उपस्थिति रजिस्टर;

(ix) पारिश्रमिक रजिस्टर;

(x) रोकड लेखा बही और सामान्य खाता ;

(xi) पंजीकरण और सीओवी रद्द करने संबंधी रिकार्ड;

(xii) सामाजिक लेखा परीक्षा, प्रोत्साहन विषयक उपायों और जागरूकता अभियानों का रिकार्ड; और

(xiii) टीवीसी के सदस्यों की कार्मिक फाइलें।

दिल्ली पटरी विक्रेता नियम – 2016 के नियम 25 में वर्णित अन्य सभी मामले :

स्थानीय निकाय द्वारा

(i) पटरी विक्रेता रजिस्टर;

(ii) पंजीकरण से इंकार किए गए आवेदक;

(iii) आयोजित किए गए सर्वेक्षण का ब्यौरा;

(iv) जारी किए गए सीओवी (ब्यौरे सहित);

(v) पटरी विक्रेताओं की प्रतीक्षा सूची – जिन्हें सीओवी जारी नहीं किया गया;

(vi) मांग और संग्रह रजिस्टर;

(vii) प्रत्येक पटरी विक्रेता की व्यक्तिगत फाइलें;

(viii) सीओवी के निलंबन/निरसन;

(ix) नियम, कार्यक्रम, परिपत्र, प्रस्ताव, दिशा निर्देश और अनुदेश;

(x) प्रतिबंध–मुक्त, प्रतिबंधित और विक्रय निषेध–क्षेत्र की सूची;

(xi) टाइम शेयरिंग आधार वाले विक्रय क्षेत्रों की सूची;

(xii) विक्रय क्षेत्रों की धारण क्षमता;

(xiii) शिकायत निवारण समिति के सदस्यों के रिकार्ड; और

(xiv) टीवीसी/अन्य समितियों के सभी खर्चों के रिकार्ड।

अध्याय–8

8.1 ऐसी स्थितियां, जिनमें निजी स्थानों को प्रतिबंध मुक्त–विक्रय, प्रतिबंधित–विक्रय क्षेत्र और विक्रय–निषेध क्षेत्र के रूप में निर्दिष्ट किया जा सकता है :

8.1.1 भूमि/संपत्ति मालिकों/आरडब्ल्यूएज/जिला केंद्रों की मार्किट असोसिएशनों, जो भी लागू हो, से अनापत्ति प्रमाणपत्र और टीवीसी की अनुशंसा के अनुसार निजी स्थानों को प्रतिबंध मुक्त/प्रतिबंधित/विक्रय–निषेध क्षेत्र के रूप में निर्दिष्ट किया जा सकता है, बशर्ते स्थानीय निकाय/एजेंसी और स्थानीय पुलिस/यातायात पुलिस और आरडब्ल्यूए/ग्रुप हाउसिंग सोसायटी से अनापत्ति प्रमाणपत्र ले लिया गया हो।

8.1.2 निजी स्थानों पर विक्रय का आधार संरक्षा, सुरक्षा, यातायात की शर्तें, सामान्य शोर–शराबा और आरडब्ल्यूए/बाजार असोसिएशनों से मांग को बनाया जाएगा।

8.2 सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता का अनुपालन करने के मानदंड सहित पटरी विक्रय के लिए कार्यशर्तें :

8.2.1 विक्रेता विक्रय स्थल पर अपना विक्रय प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करेगा और हर समय बायोमीट्रिक स्मॉर्ट पहचानकार्ड अपने पास रखेगा/रखेगी।

8.2.2 विक्रेता पटरी और आसपास के विक्रय स्थल को स्वच्छ रखेगा। वह कचरे का एक डिब्बा अपने विक्रय स्थल के निकट रखेगा ताकि उसके ग्राहकों/अन्य लोगों द्वारा कचरा संग्रह किया जा सके। वह समय समय पर कचरे के डिब्बे को स्थानीय निकाय द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर खाली करेगा।

8.2.3 विक्रेता विक्रय क्षेत्र/विक्रय बाजार और आसपास के क्षेत्र में जन–स्वास्थ्य और स्वच्छता पर ध्यान देगा। वह विक्रय क्षेत्र/स्थल पर कचरे के सामूहिक निपटान को प्रोत्साहित करने में योगदान करेगा/करेगी। विक्रेता नाली, सड़क के किनारे, खुले क्षेत्रों अथवा किसी अन्य अनधिकृत स्थान पर कचरा नहीं डालेगा/डालेगी।

8.2.4 वह अपने सभी साजो–सामान को आवंटित स्थल तक सीमित रखेगा। विक्रय स्थल से किसी प्रकार के उभार, विस्तार की अनुमति नहीं होगी।

8.2.5 कोई विक्रेता अपने विक्रय स्थल पर नियत ढांचा (अस्थाई या स्थाई) खड़ा नहीं करेगा/करेगी। वह केवल चल वस्तुएं (जैसे छाता, तिरपाल, कार्टन आदि) इस्तेमाल कर सकता है, जिन्हें तत्काल हटाया जा सके।

8.2.6 पटरी विक्रेता सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करेगा/करेगी और अपनी स्वीकार्य सीमाओं से आगे नहीं बढ़ेगा/बढ़ेगी।

8.2.7 विक्रेता पैदल यात्रियों और यातायात की मुक्त आवाजाही में कोई रुकावट पैदा नहीं करेगा/करेगी। विक्रेता सड़क/गली (यदि गली में विक्रय किया जा रहा हो) के किनारे से अपना कार्य संचालन करेगा/करेगी और यातायात अथवा पैदल यात्रियों अथवा मोटरयुक्त वाहनों के सुचारू आवागमन में कोई रुकावट नहीं डालेगा/डालेगी। वह सुनिश्चित करेगा/करेगी कि उसके ग्रहक विक्रय स्थल के आसपास अनधिकृत पार्किंग न करें।

8.2.8 विक्रेता आपत्तिजनक, जोखिमपूर्ण और प्रदूषण फैलाने वाली वस्तुएं नहीं बेचेगा/बेचेगी।

8.2.9 पटरी विक्रेता विक्रय स्थल पर कोई अनधिकृत/अवैध गतिविधि संचालित नहीं करेगा/करेगी और किसी अनधिकृत विक्रेता के माध्यम से कोई वस्तु नहीं बेचेगा/बेचेगी। वह विक्रय स्थल को किराए पर नहीं देगा।

8.2.10 पटरी विक्रेता सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा/पहुंचाएगी। विक्रय के दौरान लापरवाही के कारण यदि सार्वजनिक संपत्ति को कोई क्षति पहुंचती है, तो पटरी विक्रेता स्वयं की लागत पर तत्काल उसकी मरम्मत कराएगा/कराएगी।

